**RADIANT ACADEMY**
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
**RADIANT ACADEMY**
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 27 | अंक : 09 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# देश को दहलाने की साजिश

**150 आतंकी जम्मू कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में** | **सेना व पुलिस ने तेज की गश्त, सघन अभियान जारी**

**पुंछ ( एजेंसी )।** पीर पंजाल के पहाड़ों पर हुई ताजा बर्फबारी के साथ ही 150 से अधिक आतंकी देश में घुसपैठ की फिराक में है। आतंकी मौजूदा समय में पीओके में करीब डेढ़ दर्जन लॉन्चिंग पैड हैं। खून जमा देने वाली ठंड के बीच सीमाओं की सुरक्षा में तैनात सेना के जवान चार से पांच फीट तक जमी बर्फ में भी तारबंदी के नजदीक गश्त कर दुश्मनों के नापाक मंसूबों को विफल करने में जुटे हैं।

धुंध और रात के अंधेरे में भी दुश्मन पर नजर रखने में थर्मल इमेजिंग डिवाइस, नाइट विजन कैमरे और यूएवी ड्रोन सहित अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली का उपयोग जवान घुसपैठ रोकने के लिए कर रहे हैं। घुसपैठरोधी कार्रवाई में अत्याधुनिक तकनीक और अभिनव रणनीतियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पाकिस्तान में अंदरूनी हालात खराब होने के बाद आईएसआई और अन्य आतंकी संगठनों के बीच बैठक हुई है, जिसमें भारतीय क्षेत्र में



घुसपैठ बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। आतंकियों की ज्यादा से ज्यादा घुसपैठ करवाने के लिए रणनीति तैयार की गई है। इस इनपुट के आधार पर एलओसी पर सेना के जवानों ने चौकसी और बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार 2024 में सुरक्षाबलों ने कई टॉप आतंकी कमांडरों सहित पांच दर्जन आतंकियों को ढेर किया है। उनमें लगभग दो दर्जन आतंकी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में इस समय भी कई आतंकी सक्रिय हैं। उनके खात्मे के लिए सुरक्षाबलों की ओर से बड़े स्तर पर ऑपरेशन चलाए गए, जिसमें भारतीय सेना के जवानों को भी नुकसान उठाना पड़ा।

आतंकवादी विरोधी ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को नुकसान नहीं हो, इसके लिए सेना अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली और ड्रोन से नियंत्रण रेखा पर नजर रख रही है। इसके अलावा जब फॉरवर्ड इलाके में भारतीय सेना के जवान ऑपरेशन में निकलते हैं, तो हाईटेक ड्रोन भी उनका साथी बनकर उनके साथ चलते हैं।

ड्रोन से देखा जाता है कि आतंकी नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ तो नहीं कर गया। ड्रोन से इलाके सुरक्षित होने के संकेत मिलते हैं, तो उसके बाद सेना के जवान आगे बढ़ते हैं।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट में पहुंचकर ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण एवं संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस के बाहरी एवं आंतरिक परिसर का निरीक्षण करते हुए स्टाफ से वार्ता की एवं संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सीसीटीवी कैमरों एवं अग्निशमन यंत्रों का भी अवलोकन किया गया, जो की क्रियाशील पाए गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# घरों में चोरी करने वाले चोर गिरोह के दो सदस्य दबोचे



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के आभूषण, चोरी की बाइक, कैमरा, एलईडी व 20 हजार रुपए बरामद हुए है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने शाहरुख पुत्र मोहम्मद शाहिद निवासी ग्राम कोट वी शमशाद पुत्र इकराम निवासी फर्रुखाबाद को आमका फाटक के पास से गिरफ्तार किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ताला तोड़कर घर से लैपटॉप चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाली एक युवती का लैपटॉप चोरी हो गया। चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि वह तथा उसकी बहन अलग-अलग शिफ्ट में प्राइवेट कंपनी में काम करती हैं 11 नवंबर की सुबह वह अपने सेक्टर 62 स्थित ऑफिस के लिए घर से चली गई थी। कुछ देर बाद जब उसकी बहन घर पहुंची तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने कमरे का ताला खोलकर उसका लैपटॉप चोरी कर लिया है पीड़िता के मुताबिक दोनों बहनों की कंपनी की शिफ्ट अलग होने के कारण वह कमरे में ताला (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नोएडा में 7 मंडल अध्यक्ष घोषित

## सरस्वती शिशु मंडल को लेकर फंसा पेंच

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 8 मंडलों में से पार्टी हाईकमान ने 7 मंडल अध्यक्षों की आज घोषणा कर दी है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में रामकिशन यादव को मंडल अध्यक्ष तथा श्रीमती सुनीता शर्मा को प्रतिनिधि, कृष्णानगर मंडल में मनीष तिवारी को मंडल अध्यक्ष तथा निर्मल सिंह को प्रतिनिधि, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल में शशिधर उपाध्याय को अध्यक्ष तथा श्रीमती साइनी मुरलीधर को मंडल प्रतिनिधि, महाराणा प्रताप मंडल में दीनबंधु कुशवाहा को मंडल अध्यक्ष तथा अखिलेश पाल को मंडल प्रतिनिधि, शहीद भगत सिंह मंडल में गौतम शर्मा को मंडल अध्यक्ष व रवि प्रधान को मंडल



प्रतिनिधि, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल में नीरज चौधरी को मंडल अध्यक्ष व अमरजीत दास को मंडल प्रतिनिधि तथा सैनिक बिहार मंडल प्रदीप चौहान को मंडल अध्यक्ष घोषित किया।

नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरस्वती शिशु मंडल के अध्यक्ष की भी घोषणा जारी हो जाएगी।

बता दें कि 11 दिसंबर को सभी मंडलों में दावेदारों ने चुनाव अधिकारी के पास अपने आवेदन जमा कराये थे। चुनाव अधिकारी ने प्रत्येक मंडल से तीन-तीन नामों की सूची बनाकर हाईकमान के पास भेज दी थी। आज भाजपा हाईकमान ने सात मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी है। सरस्वती शिशु मंडल की घोषणा भी जल्द ही कर दी जाएगी।

## दादरी व जेवर में भाजपा के 6 मंडल अध्यक्ष तथा मंडल प्रतिनिधियों की घोषणा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी हाईकमान ने गौतमबुद्धनगर में 6 मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है।

वहीं मंडल प्रतिनिधियों के नामों की भी घोषणा की गई है। घोषित मंडल अध्यक्षों में 3 मंडल अध्यक्ष दादरी विधानसभा तथा 3 मंडल अध्यक्ष जेवर विधानसभा क्षेत्र से घोषित किए गए हैं। अभी शेष 5 नामों की घोषणा होनी बाकी है।

दादरी में जारचा मंडल से धीर राणा अध्यक्ष व जयवेंद्र प्रधान मंडल प्रतिनिधि, दादरी नगर से राजीव सिंघल मंडल अध्यक्ष तथा श्रीमती संगीता रावल प्रतिनिधि एवं बादलपुर से महेन्द्र नागर मंडल अध्यक्ष तथा दिनेश बघेल मंडल प्रतिनिधि चुने गए।

इसी तरह जेवर विधानसभा क्षेत्र के कासना से दिनेश भाटी मंडल अध्यक्ष व श्याम रावत मंडल प्रतिनिधि, दनकौर से गजेन्द्र बाल्मीकि मंडल अध्यक्ष व हरिदत्त शर्मा मंडल प्रतिनिधि तथा रबूपुरा से सुनील कुमार बोयरा मंडल अध्यक्ष एवं शिवाकांत जाटव मंडल प्रतिनिधि चुने गए हैं। इन नामों की घोषणा प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. महेन्द्र नाथ पांडे द्वारा की गई।

जनपद गौतमबुद्धनगर 5 मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा रोक दी गई है। शीघ्र ही इन नामों की भी घोषणा कर दी जाएगी।

## जनरेटर, ग्राइंडर मशीन व 200 किलो सरिया चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के मिर्जापुर रोड पर निर्माणाधीन मकान से चोरों ने 3 केवी का जनरेटर, ग्राइंडर मशीन व करीब 200 किलो सरिया चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कस्बा रबूपुरा के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर के रहने वाले विक्रम सिंह ने खाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका मिर्जापुर रोड पर मकान बनाने का कार्य चल रहा है। 26 दिसंबर की सुबह जब वह साइट पर पहुंचा तो उसे स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ मिला। चोर स्टोर रूम से 3 केवी का जनरेटर, ग्राइंडर मशीन व करीब 200 किलो सरिया की कटिंग को चोरी कर ले गए थे। उसने आसपास चोरी गए सामान की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# विभिन्न स्थानों पर मुठभेड़ में 3 शातिर बदमाश दबोचे

**10 मोबाइल, 2 बाइक, 40 हजार नकदी व असलाह बरामद**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस बदमाशों पर कहर बनकर टूट रही है। पुलिस के साथ अलग-अलग स्थान पर हुई मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाशों को गोली लगी है। मुठभेड़ के बाद पकड़े गए बदमाशों के पास से अवैध असलाह भी बरामद हुए हैं।

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने बीती रात्रि जयपुरिया चौराहे पर बाइक पर आ रहे एक युवक को रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकला। हड़बड़ी में बाइक डिवाइडर से टकराकर गिर गई इसके बाद बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में बदमाश में अपना नाम चेतन कुमार गुप्ता पुत्र विनोद कुमार निवासी प्रगति विहार खोड़ा कॉलोनी बताया है। उसके पास से चोरी व छीने गए 10 मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया चेतन कुमार गुप्ता शातिर स्नेचर है। पकड़ा गया बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होकर वारदातों को अंजाम देता था। इसने मोबाइल झपटमारी की दर्जनों वारदातों को अंजाम दिया है।

थाना फेस-3 पुलिस की पर्थला गोल चक्कर के पास बाइक सवार दो युवकों से चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश की गोली लगी। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। पकड़े गए घायल बदमाश ने अपना नाम इमरान उर्फ चाचा पुत्र करामात निवासी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने किया सेक्टर-141 का दौरा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) इंदु प्रकाश सिंह ने आज सेक्टर-141 का दौरा किया तथा निरीक्षण कर समस्याओं को देखा। उन्होंने साफ-सफाई तथा अन्य शिकायतों से संबंधित समस्याओं के समाधान के निर्देश अपने मातहत कर्मचारियों को दिये। इस दौरान सेक्टर-141, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष तथा फोनरवा के उपाध्यक्ष लाट साहब लोहिया, जनस्वास्थ्य विभाग के निरीक्षक राकेश भाटी तथा अन्य कर्मचारी तथा आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मौजूद थे।

## गार्ड ने नाले की जाली चुराते चोर दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-39 स्थित राजकीय जिला अस्पताल में नाली पर रखी लोहे की जली को चोरी कर रहे व्यक्ति को गार्ड ने मौके पर ही दबोच लिया। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने पकड़े गए चोर व उसकी कार को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

मूल रूप से जनपद आजमगढ़ निवासी पंकज सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर 39 में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत है। 29 दिसंबर को उसकी रात्रि ड्यूटी थी। गश्त के दौरान उसने देखा कि टीवी कक्षा के पास नाली पर रखी लोहे के जाल को चोरी कर एक व्यक्ति अपनी कर में रख रहा था। उसे देखकर कर सवार अपने भगाने का प्रयास किया लेकिन उसने उसे दबोच लिया। इस दौरान अस्पताल परिसर में तैनात अन्य गार्ड भी मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पीयूष वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी रेल विहार सेक्टर 33 बताया। कर में देखने पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एआरटीओ में टायर केयर एंड सेफ्टी ड्राइव आयोजित






**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोगों को सड़क सुरक्षा के तहत वाहनों के टायरों के बारे में तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए आज सेक्टर-33 स्थित सहायक संभागीय परिवहन विभाग (एआरटीओ) कार्यालय में टायर केयर एंड सेफ्टी ड्राइव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एआरटीओ के सहयोग से द ऑटोमोटिव टॉयर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) तथा उनकी टेक्निकल विंग इंडियन टॉयर टेक्निल एडवाइजरी कमेटी (आईटीटीएसी) द्वारा किया गया। इस दौरान एआरटीओ (प्रशासन) डा. सियाराम वर्मा ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी तथा जीवन में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। आइआइटीएसी के निदेशक नीतिश कुमार शुक्ला, सहायक महा निदेशक संजय चटर्जी तथा डिप्टी डायरेक्टर विनय विजयवर्गीज ने भी टॉयरों के बारे में टेक्निकल जानकारी दी तथा टायरों के चयन व अन्य बारीकियों से भी रूबरू कराया। संभागीय निरीक्षक आरआई संजय कुमार गुप्ता ने भी लोगों को सड़क सुरक्षा व अन्य जानकारी दी। कार्यक्रम में कई वाहन स्वामी तथा एआरटीओ विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा टॉयर मैन्यूफैक्चरर्स के प्रतिनिधि व ट्रांसपोर्टस शामिल थे।

# गंगाजल के दीदार से वंचित रहे 26 सेक्टरों के लोग!

**दिसंबर की डेडलाइन हुई पूरी, अब अगले वर्ष ही चालू की जाएगी आपूर्ति**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वर्ष-2024 में 26 सेक्टरों के तकरीबन 6 लाख लोगों को गंगाजल के दर्शन नहीं हो सके। अब अगले वर्ष में ही गंगाजल मिल पाएगा। अभी तक इस परियोजना पर 304.18 करोड़ रुपये खर्च किया जा चुका है, इसमें 228.14 करोड़ रुपये नोएडा प्राधिकरण खर्च कर रहा है।

प्राधिकरण सूत्रों का कहना है कि इस लाइन को कुछ स्थानों पर इंटरकनेक्ट किया जाना बाकी है। जिसके बाद इसमें गंगजल की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। गंगाजल प्रताप विहार प्लांट से आएगा। दिसंबर 2024 में इसके पूरा होने की संभावना जताई जा रही थी। परियोजना से नोएडा को कुल 330 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। यह योजना 50




क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमे नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को मिलेगा। बाकी गाजियाबाद को सप्लाई किया जाएगा। बता दें कि 14 मार्च 2018 को योजना पर कार्य शुरू किया गया। 30 नवंबर 2021 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। इस योजना को अब दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित था। अधिकारियों का दावा है कि वर्तमान में प्राइमरी ट्रीटमेंट का कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया जा चुका हैं। 120 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य करीब पूरा हो चुका है। 1500 एमएमडाया की 7.8 किमी लंबाई में पाइप बिछाने के का काम किया जा रहा है। फिलहाल यह पैंच पूरा होने के बाद लोगों को गंगाजल मिलेगा। इस परियोजना से 26 सेक्टरों के छह लाखों लोगों को गंगाजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें सेक्टर-122, 128, 130, 131, 133, 134, 135, 137, 143, 144, 145, 143 बी, 146, 147, 151, 168,शामिल है। इन सेक्टरों में करीब 6 लाख लोग रहते है। साथ ही इनमे से कुछ सेक्टर औद्योगिक विकास के है।

# 'आर्थिक आजादी'

भारत की 'आर्थिक आजादी' के शिल्पकार, लगातार 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे, कई 'मील-पत्थर' योजनाओं के सूत्रधार, महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह दिवंगत हो गए। उन्होंने 92 साल की भरी-पूरी जिंदगी जी और देश को 'दूसरी आजादी' दिलाई, इससे ज्यादा एक जिंदगी में और क्या किया जा सकता था? लिहाजा उनका देहावसान उनकी पार्थिव नियति ही है। भारत आजाद देश था, लेकिन औसत भारतीय के स्वप्न और आर्थिक आयाम अपेक्षाकृत आजाद नहीं थे। हम एक गरीब और कर्जदार देश थे। बहरहाल आज विकासशील देश हैं और 'विकसित' बनने का लक्ष्य तय किया है। 1991 के दौर में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मात्र एक अरब डॉलर रह गया था, लिहाजा आयात का घोर संकट था। तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार को पेट्रोलियम और उर्वरक के आयात के लिए 40 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए 46.91 टन सोना इंग्लैंड और जापान के बैंकों में गिरवी रखना पड़ा था। उस दौर में कांग्रेसी प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाया और उसी के साथ आर्थिक उदारीकरण ने भारत की 'दूसरी आजादी' का अध्याय लिखना आरंभ कर दिया। हालांकि डॉ. सिंह के पहले बजट के मसविदे को प्रधानमंत्री राव ने खारिज कर दिया था। उनकी उम्मीदें लीक से हटकर थीं। डॉ. सिंह के सामने आर्थिक चुनौतियां रखी गईं और बहुत थोड़े से वक्त में उन्होंने ऐसा बजट तैयार किया, जिसने भारत के 'आर्थिक भाग्य' को ही संकटों और अभावों से मुक्त कर दिया। अर्थव्यवस्था खोल दी गई। विदेशी निवेशकों और कंपनियों के लिए देश के दरवाजे खोल दिए गए। डॉ. सिंह कहा करते थे-भारत किसी से, क्यों डरे? हम विकास के ऐसे चरण में पहुंच चुके हैं, जहां विदेशियों से डरने के बजाय हमें उनका स्वागत करना चाहिए। हमारे उद्यमी किसी से कमतर नहीं हैं। हमें अपने उद्योगपतियों पर पूरा भरोसा है।' अंततः 24 जुलाई, 1991 के उस बजट ने आर्थिक उदारीकरण का जो दौर शुरू किया, उसके दो साल के भीतर ही विदेशी मुद्रा भंडार 10 अरब डॉलर, यानी 10 गुना अधिक, हो गया। लाइसेंस और इंस्पेक्टर राज का दौर समाप्त हुआ और 34 क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का ऑटोमैटिक रूट तैयार कर दिया गया। कंपनियों पर कई पाबंदियां उठा ली गईं। कॉरपोरेट के पूंजीगत मुद्दों पर नियंत्रक खत्म किया गया और सेबी को संवैधानिक शक्तियां दी गईं। सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए आयकर अधिनियम की धारा 80 एचएचसी के तहत कर-छूट की घोषणा भी की गई। वित्त मंत्री के तौर पर डॉ. मनमोहन सिंह ने जिन आर्थिक सुधारों का सूत्रपात किया, उन्हें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भी निरंतर बनाए रखा, नतीजतन भारत दुनिया की 'आर्थिक महाशक्ति' बनता चला गया। उन आर्थिक सुधारों की बुनियाद पर ही आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और विदेशी मुद्रा का भंडार 650 अरब डॉलर से अधिक का है। वास्तव में डॉ. मनमोहन सिंह भारत की 'आर्थिक आजादी' के शिल्पकार ही नहीं, कोई फरिश्ता थे, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, भारत सरकार में आर्थिक सलाहकार, रिजर्व बैंक के गवर्नर से लेकर प्रधानमंत्री तक की व्यापक जिम्मेदारियां और भूमिकाएं एक ही व्यक्ति नहीं निभा सकता। यकीनन वह एक दुर्लभ शख्सियत थे। प्रधानमंत्री के तौर पर डॉ. सिंह ने कई 'मील-पत्थर' योजनाओं को क्रियान्वित किया। उस विरासत और जनवादी सोच को कौन भूल सकता है? प्रधानमंत्री सिंह ने 6-14 साल की उम्र के बच्चों के लिए अनिवार्य, मुफ्त शिक्षा का कानून बनाया। सरकारी पारदर्शिता और जवाबदेही के मद्देनजर 'सूचना का अधिकार' कानून बनाया। खाद्य सुरक्षा को कानूनी रूप दिया। साल में कमोबेश 100 दिन के रोजगार की गारंटी वाले 'मनरेगा' का कानून लागू किया। उन्हें नमन।

# अंबेडकर के आह्वान से संविधान नहीं सुधरेगा

> *अंबेडकर के दोनों आकलन ज शक्तियों का केंद्रीकरण और बहुसंख्यकवाद ज सही थे, जैसा भारत के इतिहास ने दिखाया। शक्तियों के केंद्रीकरण ने प्रधानमंत्रियों को मनमाने निर्णय लेने की अनुमति दी। जैसे कि मोदी का विमुद्रीकरण, और मर्जी से संविधान संशोधन, जैसे नेहरु का प्रथम संशोधन, जिसने कानूनों को न्यायिक समीक्षा से बचाने के लिए नई अनुसूची तैयार की, या इंदिरा गांधी का 42वां संशोधन, जिसने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री का मातहत बना दिया। इंदिरा गांधी के आपातकाल को भी न भूलें। संविधान की 'बहुसंख्यक का सब कुछ' वाली विशेषता भारत के सामाजिक सौहार्द को कमजोर करती जा रही है।*

हाल ही में भारत की संसद ने चर्चा की कि क्या देश का 74 वर्ष पुराना संविधान अभी भी प्रभावी है और क्या इसका पालन हो रहा है। हालांकि बहस जल्द ही कीचड़ उछालने में बदल गई। बहस के दौरान जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार द्वारा संविधान के कथित उल्लंघनों की सूची प्रस्तुत की, तो प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेताओं जवाहर लाल नेहरु और इंदिरा गांधी के कार्यकाल में हुए विभिन्न उल्लंघनों को याद करा इसका जवाब दिया।

चर्चा बिल्कुल उदासीन और निष्फल थी। परंतु जब दोनों दलों ने संविधान के मुख्य प्रारूपकार बीआर अंबेडकर का नाम लिया, तो संसद में उत्पात और राष्ट्रव्यापी विवाद की चिंगारी भड़क उठी। राहुल गांधी ने अंबेडकर द्वारा 1950 में की टिप्पणी, ''अगर देश में सामाजिक और आर्थिक समानता नहीं हैज्तो राजनीतिक समता नष्ट हो जाएगी'', को सरकार को सुनाया। इसके उत्तर में गृहमंत्री अमित शाह ने ताना मारा ="अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहना फैशन बन गया हैज। अगर उन्होंने (कांग्रेस) इसी प्रकार भगवान का नाम लिया होता, तो स्वर्ग प्राप्त कर लिया होता।'' इस टिप्पणी का व्यापक विरोध हुआ और देश भर में विपक्षी दलों ने शाह पर अंबेडकर का अपमान करने का आरोप जड़ना शुरू कर दिया।

संविधान के मूल्यांकन के लिए यह घटनाक्रम बेशक कोई मायने न रखता हो, लेकिन इसने भारत की राजनीति का एक घिनौना चेहरा सामने रख दिया है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां दलित वोट, जो भारत की जनसंख्या का लगभग 17 फीसदी है, पाने के लिए अंबेडकर के नाम का इस्तेमाल करती हैं। ये पार्टियां अंबेडकर ज्जो अभी भी सर्वाधिक श्रद्धेय दलित नेता हैं ज्को एक परमात्मा सदृश व्यक्तित्व के रूप में चित्रित करती हैं, जिन्होंने भारत का संविधान बनाया, जिसे वे पवित्र और परिपूर्ण बताती हैं। हर पार्टी दलितों को विश्वास दिलाना चाहती है कि वही अंबेडकर की विरासत की मुख्य रक्षक है, और उनकी प्रमुख हितरक्षक।

भारत के विभाजित राजनीतिक परिदृश्य में दलित वोट इतना महत्त्वपूर्ण है कि ऐसी परिस्थितियां बन गई हैं जिनसे देश का किसी भी सूरत में भला नहीं हो सकता। यदि भारत संविधान की त्रुटियों को संबोधित करने के लिए खुला रवैया रखता तो देश कहीं अधिक तरक्की कर पाता। परंतु यदि कोई भी पार्टी इस दस्तावेज की आलोचना करने का साहस करेगी, उसका राजनीतिक शक्ति प्राप्त करना असंभव है। विडंबना यह है कि यह गतिरोध दलितों को ही सर्वाधिक हानि पहुंचाता है, क्योंकि वे हमारे संविधान द्वारा निर्मित अत्यधिक केंद्रीकृत व्यवस्था में सर्वाधिक उत्पीड़ित समूहों में एक बनकर रह जाते हैं। फिर भी, सभी पार्टियों ने वर्षों से दलितों को यही कहा है कि अंबेडकर का संविधान सर्वोत्तम है और इससे कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए।

दलितों को यह समझने की आवश्यकता है कि अंबेडकर ने दरअसल संविधान के मूलभूत ढांचे और प्रावधानों का निर्माण नहीं किया, बल्कि यह नेहरु ने किया। अंबेडकर को संविधान निर्माण सभा, जो नेहरु के नेतृत्व के अधीन कांग्रेस के नियंत्रण में थी, ने प्रारूपण समिति का अध्यक्ष बनाया था। कालातीत में कई पुस्तकों और लेखों से पता चला कि वह नेहरु थे जिन्होंने संविधान के मूल ढांचे को आकार दिया। वर्ष 1997 में अपनी पुस्तक, 'वर्शिपिंग फॉल्स गॉड = अंबेडकर एंड द फैक्ट्स व्हिच हैव बीन इरेज्ड' (नकली भगवान की पूजा = अंबेडकर और वे तथ्य जो मिटा दिए गए), में अरुण शौरी ने विस्तार से बताया है कि किस प्रकार अंबेडकर की मुख्य भूमिका सभा के निर्णयों को लागू करने की थी। सुधींद्र कुलकर्णी ने भी इस पर विस्तृत रूप से लिखा है। इसमें उनका वर्ष 2024 का लेख है, 'हू कान्ट्रिब्यूटेड मोर टू द कांस्टीट्यूशन एंड इट्स प्रीएम्बल? नेहरु, नॉट अंबेडकर' (संविधान और इसकी प्रस्तावना में किसका योगदान अधिक था? अंबेडकर का नहीं, नेहरु का)। वह लिखते हैं, ''संविधान की प्रस्तावना और अधिकतर अन्य निर्धारक विशेषताएं कांग्रेसज्मुख्यतः नेहरु की देन हैं।''

सच्चाई यह है कि अंबेडकर का भारत के संविधान के लिए एक अलग दृष्टिकोण था और




उन्होंने संविधान सभा द्वारा अंगीकृत दस्तावेज का पूरा समर्थन नहीं किया था। मेरे वर्ष 2016 के लेख, 'अंबेडकर का संयुक्त राज्य भारत', में मैंने उनकी इस परिकल्पना का उल्लेख किया है, जो उन्होंने प्रारूपण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से सात महीने पहले संविधान सभा की मूलभूत अधिकारों पर गठित उपसमिति को सौंपी थी। अंबेडकर का प्रस्ताव था कि भारत को संयुक्त राज्य अमरीका के समान संघ बनना चाहिए, जिसका संघीय ढांचा, एक तय अवधि वाले कार्यकारी सहित, अमरीकी राष्ट्रपति प्रणाली की तरह कार्य करे।

मैं पूर्व प्रकाशित एक लेख में यह चर्चा भी कर चुका हूं कि अंबेडकर ने नेहरु का संविधान क्यों अस्वीकार किया। संविधान अंगीकृत किए जाने के मात्र तीन वर्ष बाद संसद में सार्वजनिक रूप से इसे त्यागते हुए अंबेडकर ने कहा, ''महोदय, मेरे मित्र मुझसे कहते हैं कि मैंने संविधान बनाया। परंतु मैं यह कहने के लिए पूरी तरह तैयार हूं कि मैं इसे जला देने वाला पहला व्यक्ति हूंगा। यह किसी के अनुकूल नहीं है।'' अंबेडकर ने संविधान की अत्यधिक केंद्रीकृत व्यवस्था, जिसने सब शक्तियां कार्यपालिका (प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री) के हाथ सौंप दीं, और इसके अंतर्निहित बहुसंख्यकवाद का विरोध किया था। उनका मानना था कि एक स्थायी हिंदू बहुसंख्य देश के लिए बहुसंख्यक शासन पर आधारित प्रणाली अनुपयुक्त थी।

अंबेडकर के दोनों आकलन ज शक्तियों का केंद्रीकरण और बहुसंख्यकवाद ज सही थे, जैसा भारत के इतिहास ने दिखाया। शक्तियों के केंद्रीकरण ने प्रधानमंत्रियों को मनमाने निर्णय लेने की अनुमति दी। जैसे कि मोदी का विमुद्रीकरण, और मर्जी से संविधान संशोधन, जैसे नेहरु का प्रथम संशोधन, जिसने कानूनों को न्यायिक समीक्षा से बचाने के लिए नई अनुसूची तैयार की, या इंदिरा गांधी का 42वां संशोधन, जिसने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री का मातहत बना दिया। इंदिरा गांधी के आपातकाल को भी न भूलें। संविधान की 'बहुसंख्यक का सब कुछ' वाली विशेषता भारत के सामाजिक सौहार्द को कमजोर करती जा रही है, जैसा कि कश्मीर और मणिपुर में जारी संघर्षों से जाहिर है।

हमारे संविधान में गहन खामियां हैं। मैं पूर्व में चर्चा कर चुका हूं कि कैसे इसके नियंत्रण और संतुलन असंतोषजनक ढंग से बनाए गए, और कैसे समय-समय पर किए गए तथाकथित सुधारों ने इन्हें और बिगाड़ दिया। समय आ गया है कि भारतीय राजनीतिक पार्टियां अंबेडकर के गुणगान से आगे बढ़ें और संविधान में सुधार लाने की उनकी सलाह पर अमल करें।

**-भानु धमीजा**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जो मेरे भाग्य में बावला ही पति लिखा है, तो किसी को क्यों दोष लगाया जाए? हे माता! क्या विधाता के अंक तुमसे मिट सकते हैं? वृथा कलंक का टीका मत लो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जनि लेहु मातु कलंकु करुना परिहरहु अवसर नहीं।**
**दुखु सुखु जो लिखा लिलार हमरें जाब जहँ पाउब तहीं॥**
**सुनि उमा बचन बिनीत कोमल सकल अबला सोचहीं।**
**बहु भाँति बिधिहि लगाइ दूषन नयन बारि बिमोचहीं॥**

हे माता! कलंक मत लो, रोना छोड़ो, यह अवसर विषाद करने का नहीं है। मेरे भाग्य में जो दु:ख-सुख लिखा है, उसे मैं जहाँ जाऊँगी, वहीं पाऊँगी! पार्वतीजी के ऐसे विनय भरे कोमल वचन सुनकर सारी स्त्रियाँ सोच करने लगीं और भाँति-भाँति से विधाता को दोष देकर आँखों से आँसू बहाने लगीं।

**दो0-तेहि अवसर नारद सहित अरु रिषि सप्त समेत।**
**समाचार सुनि तुहिनगिरि गवने तुरत निकेत॥**

इस समाचार को सुनते ही हिमाचल उसी समय नारदजी और सप्त ऋषियों को साथ लेकर अपने घर गए॥

**तब नारद सबही समुझावा। पूरुब कथा प्रसंगु सुनावा॥**
**मयना सत्य सुनहु मम बानी। जगदंबा तव सुता भवानी॥**

तब नारदजी ने पूर्वजन्म की कथा सुनाकर सबको समझाया (और कहा) कि हे मैना! तुम मेरी सच्ची बात सुनो, तुम्हारी यह लड़की साक्षात जगज्जनी भवानी है॥

(क्रमश:..)

# जिसके 'मौन' ने मचाया 'शोर'... वो चला गया

बानवे वर्ष में डॉ मनमोहन सिंह ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका संपुर्ण मौन व्यक्तित्व ऐसा रहा जिससे देश भी कई मर्तबा अधीर होकर उठ खड़ा हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को न सिर्फ भारत ने, बल्कि विश्व विरादरी ने अपना सगा अर्थ-व्यवस्था का विलक्षण कोहिनूर समान वास्तुकार खो दिया। पूरे संसार की आंखे उनके निधन से नम हैं। दो दफे प्रधानमंत्री के रूप में डॉक्टर साहब ने 5 ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिन्हें मौजूदा क्या, आने वाली पीढ़ियां भी स्मरण करती रहेंगी। 2005 में 'सूचना का अधिकार' और इसी साल 'मनरेगा कानून' को लागू करना। फिर सन-2009 में 'शिक्षा का अधिकार कानून'। वहीं, 2013 में दो बड़े फैसले 'राष्ट्रय खाद् सुरक्षा कानून' और 'भूमि अधिग्रहण कानून' पर अंतिम निर्णय लेने को प्रत्येक भारतवासी सदैव याद करेंगे।



डॉ. सिंह को अर्थव्यवस्था का सूत्रधार कहा गया। आर्थिक उदारीकरण और आर्थिक सर्वेक्षणों में सुधार के लिए उनकी एकाग्रता के सभी काबिल रहे। यूपीए सरकार के दूसरे टर्म में जब प्रधानमंत्री बनाने की बात हुई, तो प्रणब मुखर्जी का नाम सबसे तेज दौड़ा। पर, प्रणब मुखर्जी ने खुद आगे बढ़कर सोनिया गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगाई कि देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से आगे बढ़ रही है, उसे डॉ. मनमोहन सिंह से बेहतर दूसरा कोई गति नहीं दे सकता। इसलिए वो गति निरंतर रहे, दोबारा से डॉक्टर साहब को ही कमान सौंपी जाए। उनके कहने के बाद ही यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दोबारा डॉ. सिंह के नाम पर मुहर लगवाई। सन-1991 में वित्तमंत्री रहते उन्होंने जब देश की गड़बड़ अर्थव्यवस्था को संभाला था। तब स्वंय अटल बिहारी बाजपेई ने उनकी तारीफ की थी। अपने वित्तमंत्री कार्यकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने भी डॉ. सिंह के फैसलों को सराहा था। दरअसल वो ऐसा दौर था जब दशकों से बंद पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के दरवारों को खोलने की शुरूआत मनमोहन सिंह द्वारा की गई थी।

वित्तमंत्री रहते लाइसेंस राज को खत्म करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने सबसे पहले विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने का काम किया और भारत के भीतर विदेशी कारोबार को अपने अर्थ स्टाइल से आकर्षित करवाया। तभी से भारत में बाहरी कंपनियों के आगमन की शुरुआत हुई। ये काम उन्होंने बिना ढोल बजाए किया। न प्रचार किया और शोर-शराबा। जबकि, उनके चुप रहने और शांत भाव की 'मौनता' पर विभिन्न सियासी दलों ने हमेशा असहनीय और अखरने वाली तल्ख टिप्पणियां की। पर, उन्होंने कभी किसी को पलट कर कोई कड़वा जवाब नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रिश्तों के मापदंणों को सियासत से सदैव उपर रखा। हालांकि, बीते एकाध दशक से उन पर ज्यादा ही कटाक्ष होने लगे, तो उनके भीतर का शांत शायर जाग उठा। तब, उन्होंने अपने सियासी विरोधियों को अपने दो शेर के जरिए जवाब दिया। उन शेर को लोग आज उनके न रहने पर खूब गुनगुना और याद कर रहे हैं। उनका पहला शेर था 'माना तेरे दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतज़ार देख'। और दूसरा शेर 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी', था। ये दोनों शेर हमेशा चर्चाओं में रहे।

गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था के अलावा डॉक्टर मनमोहन सिंह को उच्च शिक्षा में अमूलचूक परिवर्तन और बड़ा सुधारक भी माना गया। एक मर्तबा खुद उन्होंने स्वीकारा था कि विश्व के उच्च शिक्षा संस्थान में पढ़ने के बाद ही उन्होंने देश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां को संभालने का अवसर मिला। इसलिए वह उच्च शिक्षा के सदैव पक्षधर रहे। प्रत्येक निर्णयों में उनका धैर्य, संयम, निस्पृहता और उदारता देखने लायक होती थी। प्रेशर में आकर या जल्दबाजी में उन्होंने कभी कोई निर्णय नहीं लिया। 2005 में मनरेगा का जब फाइनल ड्रफ तैयार होकर उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया, तो उसमें उन्होंने बदलाव करने को कहा, जिसको लेकर उन्होंने सोनिया गांधी की नाराजगी भी सही। लेकिन बाद में हुआ वही जो मनमोहन सिंह ने चाहा। मनमोहन सिंह सरकार में अरुणा राय उनकी सलाहकार थी, जिन्होंने ही मनरेगा में महत्वपूर्ण बदलाव के सुझाव दिए थे, उनकी राय पर ही डॉक्टर साहब ने रोजगार गारंटी अधिनियम कानून लागू किया गया। उसमें अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी।


मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व निसंदेह करिश्माई था। करिश्माई इसलिए, क्योंकि अस्सी के दशक में जिन्होंने भी विभिन्न भारतीय नोटों में रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में उनका नाम और हस्ताक्षर देखें होंगे। उन्होंने सपनों में भी नहीं सोचा होगा कि ये व्यक्ति कभी प्रधानमंत्री का औहदा भी संभालेगा। एक दफे उन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। उसके बाद वह बिना कोई चुनाव लड़े देश के शीर्ष पदों पर पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह रिकॉर्ड 33 वर्ष तक राज्यसभा में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। वर्ष-1991 में वह पहली बार राज्यसभा पहुंचे। उसके 1995, 2001, 2007 और 2013 में फिर से राज्यसभा के लिए चुने गए। सन 1998 से लेकर 2004 के बीच वह राज्यसभा में नेता विपक्ष का औहदा भी संभाला, केंद्र में एनडीए की हुकुमत हुआ करती थी।

इसके अलावा वह वित्त सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री के सलाहकार, यूजीसी अध्यक्ष और आरबीआई गवर्नर भी रहे। कुलमिलाकर उन्होंने देश के तकरीबन बड़े पदों पर रहकर उनकी सौभाएं बढ़ाई। सभी विधाओं में उनकी भूकिमाएं काबिलेतारीफ रही। वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण के तीनों संस्करणों में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया, जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। डॉ. मनमोहन सिंह देश के बेशकीमती हीरे ही नहीं, बल्कि धरोहर जैसे थे। उनके योगदान के किस्से आने वाली पीढ़ियां तब तक सुनती, पढ़ती रहेंगी। जब तक ये धरा रहेगी। अलविदा, डॉक्टर साहब, मेरी ओर से आपको भावभीनी श्रद्धांजलि।


**- डॉ. रमेश ठाकुर**

# राशिफल


**पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या** | **(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
यात्रा का योग बनेगा लेकिन अभी रोकिए, क्योंकि लाभप्रद नहीं होगा। अपमानित होने का भय रहेगा।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वंय के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेमी-प्रेमिका अभी मुलाकात से बचें।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
गृहकलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार भी बहुत अच्छा नहीं है लेकिन चलता रहेगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन जीत आपकी होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। घर में एक नकारात्मक ऊर्जा का संचार रहेगा।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक ऊर्जा बुझी-बुझी सी रहेगी। व्यापार मध्यम। प्रेम, संतान ठीक है और स्वास्थ्य भी करीब-करीब ठीक है।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन हानि के संकेत हैं। निवेश करने से बचें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम, संतान मध्यम।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
ऊर्जा का स्तर घटा हुआ रहेगा। स्वास्थ्य बुझा-बुझा सा। प्रेम,संतान मध्यम। व्यापार मध्यम गति से आगे बढ़ेगा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चोट-चपेट लग सकती है। नेत्र विकार संभव है। सर दर्द, नेत्र पीड़ा, खर्च की अधिकता, कर्ज की स्थिति।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य करीब-करीब ठीक। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार मध्यम गति से आगे बढ़ेगा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नए व्यापार की शुरुआत न करें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वंय के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



उड़ान एक पहल सामाजिक संस्था ने कल सर्दी से बचाव को लेकर गर्म कपड़ों को वितरण किया।

रेजिडेंसी ओमेगा चुनाव में

# अजय भान शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एसडीएस एनआरआई रेजिडेंसी ओमेगा 2 ग्रेटर नोएडा के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें अजय भान शर्मा की टीम में भारी बहुमत से विजय दर्ज की। अजय भान शर्मा (अध्यक्ष), श्रवण कुमार निगम (उपाध्यक्ष), कुलदीप कुमार (सचिव), प्रशांत पायला (सह सचिव), मनु दीक्षित (कोषाध्यक्ष) एवं धर्मेंद्र सिंह, चंद्रवीर सिंह, प्रमोद सिंगल, मनोज कुमार शर्मा और अभिनव गोयल को सदस्य पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।



# धूमधाम से मनाया पैरा माउंट गोल्फ फॉरेस्ट में नववर्ष शुभारंभ का उत्सव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में आयोजित 'नववर्ष शुभारंभ उत्सव' ऐसा ही एक अवसर लेकर आया, जिसमें बी डी ग्रीन और देवी ज्वेलर्स प्रायोजक के रूप में शामिल रहे।

यह दो दिवसीय भव्य आयोजन 28 दिसंबर से क्लब रिट्रीट में शुरू हुआ, जहां दर्शकों को फैशन, डांस, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के पहले दिन का अनुभव हर किसी के लिए अविस्मरणीय रहा।

आयोजन की शुरुआत शाम 5 बजे से हुई, जहां स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों अशोक चौधरी और एडवोकेट गौरव शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नए साल की खुशी और मनोरंजन के साथ जोड़ना है।

आयोजक अशोक चौधरी ने बताया कि इस दिन का मुख्य आकर्षण कला, फैशन, और मस्ती का अद्वितीय संगम रहा। आयोजक अशोक चौधरी ने बताया कि यह दिन मनोरंजन और उत्साह का पर्याय बनेगा और माइटी परफॉर्मेंस टीम परफोर्मेंस शानदार रही।





स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली डांसर्स अपनी कलात्मकता और ऊर्जा से मंच को जगमगाएंगे, उन्होंने बताया कि तनीषा चौधरी और विधि सक्सेना का डांस बहुत अद्भुत रहा।

उन्होंने ग्रुप डांस परफॉर्मेंस धमाकेदार समूह नृत्य प्रस्तुति आपको जोश और उत्साह से भर देगी।

यह शो फैशन प्रेमियों के लिए खास है, जहां रचनात्मकता और ग्लैमर का परफेक्ट मेल देखने को मिलेगा। शॉपिंग जोन में यहां क्यूरेटेड उत्पादों की अनूठी रेंज खरीदने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि बी ग्रीन के डायरेक्टर सौरव गोयल, मयंक गुप्ता, देवी ज्वेलर्स के एमडी पंकज कपूर रहे।

मुख्य आयोजक सुप्रिया पांडे ने बताया कि अपने मजाकिया अंदाज में आपकी शाम को हंसी से सराबोर कर देंगे। संगीत के धुनों पर थिरकने का मजा लें, जब डीजे अपने सबसे हिट ट्रैक बजाएंगे। विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लें।

मुख्य आयोजक सुप्रिया पांडे ने बताया कि फैशन शो में प्रतिभाआओ के द्वारा शानदार परफॉर्मेंस दिया गया। छोटे बच्चों के लिए विशेष तौर पर डिजाइन की गई गतिविधियां और खेल। टैलेंट हंट के नए टैलेंट्स को मंच देने की पहल की गई।

इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 'टैलेंट हंट पैरामाउंट' भी आयोजित किया गया जिसकी आज के प्रतिभागी ने भाग लिया । सुप्रिया पांडे ने बताया कि इस प्रतियोगिता के जरिए प्रतिभाशाली लोगों को अपनी कला दिखाने का मंच मिलेगा।



प्रयागराज में एंग्लो बंगाली इंटर कालेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गुफ्तगू संस्था द्वारा डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी राही को बुद्धिसेन शर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# किसानों की महापंचायत शुरू भारी संख्या में पुलिस मुस्तैद



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर किसानों की महापंचायत शुरू हो गई है, यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत नहीं पहुंचे हैं। वैसे तो इस महापंचायत में हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुष की भीड़ है, लेकिन बड़ी बात यह है कि जिले का एक भी बड़ा किसान नेता इस महापंचायत में दिखाई नहीं दे रहा है।

बताया जा रहा है कि जमीन अधिग्रहण के मामले को लेकर जिले के किसान इस महापंचायत को कर रहे है। यह महापंचायत यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आयोजित हो रही है। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत इस महापंचायत को संबोधित करेंगे। किसानों की कई समस्याओं विशेष रूप से जमीन अधिग्रहण को लेकर चर्चा की जाएगी। किसानों का कहना है कि उनके संघर्ष के बावजूद पिछले कई सालों से प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिसके कारण वह फिर से महापंचायत का आयोजन कर रहे हैं।

महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जीरो पॉइंट और आसपास के इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पुलिस को पूरी तरह से सतर्क कर दिया गया है। महापंचायत में शासन-प्रशासन के रुख के बाद किसानों द्वारा आगे के कदमों पर निर्णय लिया जाएगा।

# शातिर चोर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मकानों की रेकी करने के बाद चोरी तथा झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश को थाना बीटा दो पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से चाकू व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

थाना पुलिस जगत फार्म में क्षेत्र में गैस पर थी इस दौरान मुकुट ने सूचना दी की घरों में चोरी व चलते लोगों से फोन छीनने की घटना को अंजाम देने वाला एक बदमाश आशियाना सोसायटी चलाएं पर बने शौचालय के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शौचालय के बाहर बाइक पर बैठे युवक को दबोच लिया तलाशी में इसके पास से चाकू बरामद हुआ पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम आदित्य सिंह उर्फ आदि पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर जनपद सहारनपुर बताया। आदित्य ने बताया कि वह चोरी की बाइक पर सवार होकर मकान की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। इसके अलावा है चोरी की बाइक से झपटमारी की वारदातें भी करता है। पकड़े गए बदमाश ने कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

# महिला की तत्परता से बदमाश दबोचा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के झज्जर रोड पर एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा बदमाश महिला की सजगता से मौके पर ही पकड़ा गया। महिला ने घर में चोर होने का संदेह होने पर बाहर से मुख्य दरवाजे की कुंडी लगा दी थी।

ग्राम पारसौल निवासी हरेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पत्नी शाम के समय बच्चों को ट्यूशन से लाने के लिए गई थी। कुछ देर बाद जब है बच्चों को लेकर वापस लौटी तो उन्हें मुख्य द्वार पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर उन्हें एक व्यक्ति दिखाई दिया जिस पर उनकी पत्नी ने मुख्य दरवाजे की बाहर से कुंडी लगा दी। सूचना मिलने पर वह भी मौके पर पहुंच गए और कॉलोनी वासियों को इकट्ठा कर दरवाजा खोला दरवाजा खुलते ही अंदर से निकले एक व्यक्ति ने रोड से उन पर हमला कर दिया और भागने का प्रयास किया इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बदमाश को दबोच लिया।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाश अपना नाम पुष्पेंद्र निवासी ग्राम मनोहर गढ़ी जनपद बुलंदशहर बताया। पुष्पेंद्र ने बताया कि वह घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने की इरादे से घुसा था। वह अपने मानसून में कामयाब होता पता इससे पूर्व ही गृह स्वामिनी मौके पर पहुंच गई और बाहर से कुंडी लगा दी पकड़े गए बदमाश को थाना दनकौर पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## नाम-परिवर्तन

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं बिमल श्रीवास्तव पुत्र श्री छैल बिहारी लाल श्रीवास्तव निवासी मकान नं0-1 राजा का बाग, छपट्टी भाग-2, जनपद मैनपुरी का निवासी हूं। मेरे पुत्र अर्नव श्रीवास्तव का उसके आधार कार्ड पर उसका घरेलू नाम अनुभव श्रीवास्तव दर्ज हो गया है। जबकि हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के शैक्षणिक अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम अर्नव श्रीवास्तव ही दर्ज है। अर्नव श्रीवास्तव तथा अनुभव श्रीवास्तव दोनों ही मेरे पुत्र के नाम है। अत: मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर अनुभव श्रीवास्तव के नाम के स्थान पर अर्नव श्रीवास्तव दर्ज किया जाए।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**जिलाधिकारी ने ईवीएम...**

इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

उन्होंने वेयर हाउस के बाहरी परिसर का निरीक्षण करते हुए परिसर की साफ-सफाई एवं सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाओं से जिला अधिकारी को अवगत कराया गया, जोकि संतोषजनक पाई गई।

**ताला तोड़कर घर...**

लगाकर चाबी को विंडो पर रख कर चली जाती थी। उसने जब मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कराई तो उसमें एक व्यक्ति कमरे का दरवाजा खोलकर लैपटॉप चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया पीड़िता के मुताबिक चोरी के बाद उसका लैपटॉप उसे किया जा रहा है। इस बाबत उसे उसकी ईमेल आईडी पर मेल भी मिली है।

पीड़िता ने आशंका जताई कि उसके लैपटॉप का गलत गतिविधियों में भी प्रयोग हो सकता है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**घरों में चोरी करने...**

इनके पास से चोरी की बाइक, 10 पायल, छह सिक्के दो गले के सेट चार कड़े, नाक की लौंग, टॉप्स, मंगलसूत्र कानों के झाले, माथे का टीका, एक जोड़ी झुमके हाथ घड़ी कैमरा एलईडी टीवी सेटअप बॉक्स व 2041 बरामद हुए हैं। दोनों आरोपियों से चोरी के वारदात में प्रयुक्त होने वाला बोल्ड कटर व लोहे का सरिया भी बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दादरी ग्रेटर नोएडा में मकान और दुकानों में चोरी की गई घटनाओं को अंजाम दिया है। पकड़े गए आरोपियों ने तीन दिन पूर्व वेद विहार कॉलोनी तोड़कर जूलरी चोरी की थी। इसके अलावा करीब दो सप्ताह पहले पुराना कटहेडा रोड से एक ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर ज्वेलरी तथा रुपए चोरी किए थे। दोनों आरोपियों ने 8 दिन पूर्व ग्राम बढ़पुरा के मंदिर से दान पत्र से पैसे भी चोरी करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। दोनों आरोपियों से बरामद बाइक इन्होंने करीब 20 दिन पहले ग्राम सत्याना से चोरी की थी आरोपियों ने बताया कि वह चोरी किए गए सामान को दिल्ली के चांदनी चौक में राह चलते अनजान लोगों को बेच देते हैं। पकड़े गए दोनों बदमाशों ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**विभिन्न स्थानों...**

जनपद अमरोहा बताया। उसके पास से तमंचा कारतूस व बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए इमरान उर्फ चाचा पर आठ मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

वहीं थाना सूरजपुर पुलिस ने मोजर बेयर गोल चक्कर पर वाहन चेकिंग के दौरान प्लैटिना बाइक पर आ रहे युवक को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार रुकने के बजाय भाग निकला। पुलिस द्वारा पीछा करने पर उसने गोली चला दी। आत्मरक्षा में की गई पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार के गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान सूरजपुत्र रवि कुमार निवासी फर्रुखाबाद के रूप में हुई। सूरज हाल में ग्राम हैबतपुर में किराए पर रह रहा है। इसके पास से तमंचा, कारतूस तथा चोरी की बाइक तथा चोरी की घटनाओं से संबंधित 40000 नकदी बरामद हुई हैं। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की पड़ताल कर रही है।

**गार्ड ने नाले की जाली...**

पता चला कि उसमें लोहे की चार और जालियां रखी हुई थी। गार्ड पंकज सिंह के मुताबिक उसने इसकी जानकारी तुरंत अपने फील्डर राजकुमार मिश्रा को दी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस पकड़े गए पंकज सिंह व उसके कर को लेकर थाने आ गई पुलिस का कहना है कि गार्ड की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ई-रिक्शा में जाते समय मोबाइल चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ई-रिक्शा से जा रहे एक व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने थाना सेक्टर 24 में मुकदमा दर्ज कराया है। चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाले कृष्ण सैनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि वह 28 दिसंबर की सुबह किसी काम से ई-रिक्शा से सेक्टर-18 जा रहा था ई रिक्शा में बैठते समय उसके पास मोबाइल फोन था। सेक्टर-18 में जब वह रिक्शा से उतरा तो उसका मोबाइल फोन गायब था उसने अपने मोबाइल फोन की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। फोन करने पर मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।



## खास खबर

### क्रेडिला फाइनेंशियल ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल

**नई दिल्ली।** वित्तीय कंपनी क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने गोपनीय प्री-फाइलिंग मार्ग के माध्यम से अपनी प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं। यह घटनाक्रम पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान कंपनी के स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव के बाद हुआ है। क्रेडिला ने एक सार्वजनिक घोषणा में सेबी और स्टॉक एक्सचेंज के साथ प्री-ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस जमा कर दिए हैं। ईक्यूटी और क्रिसकैपिटल के एक निजी इक्विटी कंसोर्टियम ने क्रेडिला में 90.01 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,060 करोड़ रुपये में खरीदी, जिसमें 2,003.61 करोड़ रुपये की नई इक्विटी शामिल है। कंसोर्टियम ने क्रेडिला का प्री-मनी मूल्यांकन 10,350 करोड़ रुपये किया है। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक ईक्यूटी के पास 72.01 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, क्रिसकैपिटल के पास 18 प्रतिशत हिस्सेदारी थी और एचडीएफसी बैंक के पास 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### एमपीसी इंटरेस्ट रेट्स में कटौती पर कर सकती है विचार

**नई दिल्ली।** नए साल के फरवरी माह में भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी)इंटरेस्ट रेट्स में कटौती पर विचार कर सकती है। ताजा रिपोर्ट में ये दावा आईसीआईसीआई बैंक ने किया गया है, जिसके मुताबिक जनवरी में फूड इंफ्लेशन में कमी आने पर ही आरबीआई की एमपीसी राहत देने वाला ये फैसला कर पाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि फूड प्राइसेज में गिरावट होने पर आर्थिक ग्रोथ को सहारा देन के लिए पॉलिसी रेट में कमी के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी में फूड इंफ्लेशन में संभावित गिरावट फरवरी में रेट कट की संभावना को बढ़ा सकती है। हाल ही में हुई एमपीसीकी मीटिंग के मिनट्स से संकेत मिला कि समिति में नरम रुख अपनाने पर विचार किया जा रहा है। मीटिंग में दो सदस्यों ने रेट कट का समर्थन किया था। उनका तर्क था कि फिलहाल फूड इंफ्लेशन का असर कोर इंफ्लेशन पर सीमित है, और इकोनॉमिक ग्रोथ की गति धीमी हो रही है। हालांकि, बाकी सदस्यों ने रेट्स को स्थिर रखने के पक्ष में वोट किया था।

### क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते समय सावधानी बरतना जरूरी

**नई दिल्ली।** अब क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते समय सावधानी बरतना जरूरी है। एक छोटी सी लापरवाही आपका बड़ा नुकसान करा सकती है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं क्रेडिट कार्ड पेमेंट के बारे में, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत क्रेडिट कार्ड डिफॉल्ट पर 30 फीसदी से भी ज्यादा का ब्याज भरना पड़ सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने क्रेडिट कार्ड की पेनाल्टी फीस को लेकर बीते दिनों बड़ा फैसला लिया है और इसके तहक सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रिय उपभोक्ता विवाद निवारण यानी एनसीडीआरसी के साल 2008 के आदेश को पलट दिया है। जिसमें क्रेडिट कार्ड का बिल पेमेंट करने में देरी पर 30 फीसदी तक ही ब्याज वसूलने का निर्णय लिया गया था। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस लिमिट को खत्म कर दिया है और बैंकों को क्रेडिट कार्ड डिफॉल्टर्स से हाई इंटरेस्ट वसूलने की परमिशन दे दी है यानी अब कार्ड इश्यू करने वाला बैंक इस गलती पर 30 नहीं, बल्कि 50 फीसदी तक ब्याज भी वसूल सकता है।

### 2024 में शेयर बाजार ने 65 बार बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार साल 2024 के कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा। इस साल के कारोबार में अब सिर्फ आने वाले 2 दिन सोमवार और मंगलवार यानी 30 और 31 दिसंबर का कारोबार होना बाकी है। इन दो दिनों के अलावा अभी तक हुए कारोबार के दौरान घरेलू बाजार ने कई बार ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। हालांकि, शेयर बाजार को बीच-बीच में बड़े नुकसान का भी सामना करना पड़ा।

साप्ताहिक शेयर समीक्षा : वैश्विक दबाव के बावजूद डीआईआई की खरीदारी से शेयर बाजार को मिली बढ़त

# निवेशकों को 1.40 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार 23 दिसंबर से लेकर शुक्रवार 27 दिसंबर तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी होने की वजह से इस सप्ताह सिर्फ चार दिन ही कारोबार हुआ। वैश्विक दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 657.48 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 78,699.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 225.90 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,813.40 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद एनएसई के ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स दो प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए। इसी तरह एफएमसीजी इंडेक्स ने साप्ताहिक आधार पर 1.53 प्रतिशत की तेजी की दिखाई, जबकि बैंक और रियल्टी इंडेक्स 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मीडिया इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान करीब 2 प्रतिशत लुढ़क गया। इसी तरह मेटल इंडेक्स भी 1 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। पूरे सप्ताह के कारोबार में शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 27 दिसंबर के कारोबार के बाद बढ़ कर 442.39 लाख करोड़ रुपये




(अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी 20 दिसंबर को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 440.99 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को पिछले सप्ताह के कारोबार से करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, इंटरग्लोब एवियशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, एवेन्यू सुपरमार्ट्स और अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनामिक जोन टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, सीमेंट्स, हिंदुस्तान जिंक, जोमैटो और सिमेंस लार्जकैप के टॉप लूजर्स में शामिल हुए। बीएससी का मिडकैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 0.21 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। मिडकैप इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से वन 97 कम्युनिकेशंस (पेटीएम), जूबिलेंट फूडवर्क्स, बाइकॉन, फिनिक्स मिल्स, अडाणी विल्मर और अजंता फार्मास्यूटिकल के शेयर 5 से 13 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, थर्मेक्स, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया, एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स (न्याका), ऐस्ट्रल और गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के शेयर मिडकैप इंडेक्स के टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

### इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड का आईपीओ 31 दिसंबर को ओपन होने वाला है। निवेशक इस इश्यू में 2 जनवरी तक बिडडिंग कर सकेंगे और 7 जनवरी को यह शेयर्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी एक जमा 260.15 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसमें कंपनी 184.90 करोड़ रूपए के 86,00,000 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है, जबकि मौजूदा निवेशक 75.25 करोड़ रुपए के 35,00,000 शेयर बेच रहे हैं। इस आईपीओ में निवेश करने के लिए रिटेल निवेशक मिनिमम 14,835 और मैक्सिमम 1,92,855 रुपए इनवेस्ट कर सकते हैं। रिटेल निवेशकों के लिए 35 फीसदी हिस्सा रिजर्व है। इसके अतिरिक्त, 50 फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा गया है और बाकी का 15 फीसदरी हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए है। इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने 1994 में स्थापना की थी और वह ट्रैक्टर, पिक एंड कैरी क्रेन और हार्वेस्टिंग इक्विपमेंट बनाती है।

## ऑस्ट्रेलिया को निर्यात 64.4 प्रतिशत बढ़ा : वाणिज्य मंत्रालय

❖ नवंबर माह में सालाना आधार पर 64.37 करोड़ डॉलर किया गया निर्यात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को नवंबर माह में सालाना आधार पर 64.37 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मान के साथ निर्यात किया है, जिसमें 64.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार के संबंध बढ़ रहे हैं। नवंबर तक कपड़ा, रसायन और कृषि उत्पादों के क्षेत्र में मजबूत वृद्धि



के कारण ऑस्ट्रेलिया का भारत से निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से नवंबर तक, 2024-25 के दौरान ऑस्ट्रेलिया को वस्तुओं का सालाना निर्यात 5.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.56 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार संबंधों को दृढ़ किया गया है और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 29 दिसंबर 2022 को ईसीटीए को लागू करने के बाद, अब व्यापार समझौते को व्यापक करने के लिए दोनों देश बातचीत कर रहे हैं। ईसीटीए के सूचकांक पूर्ण होने पर, व्यापार और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारतीय निर्यातकों के लिए नए बाजार खुले हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अवसर बढ़े हैं। यह सुधार न केवल निर्यात में 14 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना दिखाता है, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार और यात्रा सेवाओं में भी बढ़ोतरी की अच्छा संकेत देता है। गोयल ने इस समझौते से हमें 2030 तक 100 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य हासिल करने की संभावना दी है। इससे न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध मजबूत होंगे, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है, लेकिन चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 150 से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,990 रुपये से लेकर 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,5000 रुपये से लेकर 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली



सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 92,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## सीखने मिली कॉर्पोरेट की शालीनता



एजेंसी

**इंदौर।** कॉर्पोरेट कल्चर में अक्सर एक सामान्य समस्या देखने को मिलती है, और वह है 'सबसे बेहतरीन पर्सनालिटी' का दबाव। इस दबाव का असर एम्प्लॉयीज पर तब होता है जब वे मीटिंग्स, क्लाइंट विजिट्स या अन्य कार्यों के दौरान अपनी बातचीत के तरीके और प्रोफेशन के सलीके पर विचार करते हैं। पीआर 24x7 द्वारा आयोजित इसके वार्षिक उत्सव 'उड़ान 2025' में 'कॉर्पोरेट रैम्प वॉक' का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रस्तुति ने एम्प्लॉयीज और उपस्थित दर्शकों को प्रोफेशनल पर्सनालिटी को सबसे बेहतर तरीके से पेश करने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। रैम्प वॉक ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा और यह संदेश दिया कि अपनी पर्सनालिटी को आत्मविश्वास और सटीकता के साथ प्रस्तुत करना न सिर्फ प्रभावशाली होता है, बल्कि यह किसी भी प्रोफेशनल माहौल में सफलता पाने के लिए आवश्यक भी होता है। तेजस्विनी गुलाटी, कॉर्पोरेट साइकॉलजिस्ट, पीआर 24x7, ने कहा, कॉर्पोरेट की दुनिया में एक बेहतरीन पर्सनालिटी को लेकर चिंता बहुत ही आम बात है। जब हम मीटिंग्स, क्लाइंट विजिट्स या किसी प्रोफेशनल इवेंट में होते हैं, तो यह सवाल हमेशा सामने आता है कि कैसे अपनी उपस्थिति को प्रभावी बनाएँ। इस प्रस्तुति का उद्देश्य यही था कि हम अपने आत्मविश्वास को सटीकता और सहजता से व्यक्त करें।

### 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द की

**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपनियों की ओर से ठंडी प्रतिक्रिया के कारण चौथे दौर में 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द कर दी है। इस निर्णय के बाद जिसमें 11 में से चार ब्लॉक के लिए कोई बोली नहीं मिली, कंपनियों को भारी नुकसान होने का सामना करना पड़ा है। बताया गया है कि टंगस्टन और ग्लोकोनाइट सहित चार ब्लॉक छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश में स्थित हैं और इन खनिजों का उत्पादन महत्वपूर्ण है स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए। इसी तरह बाकी के सात खनिज ब्लॉकों के लिए भी तीन से कम तकनीकी रूप से पात्र बोलियां मिली हैं और इन भी ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है।

## हरे रंग के अवतार में रोजलिन खान ने किया दिलों पर वार



**मुंबई।** रोजलिन खान सही मायने में एक चौंका देने वाली कलाकार हैं। अपने चुंबकीय व्यक्तित्व और सम्मोहक आभा से प्रशंसकों की एक वफादार सेना अर्जित करने में कामयाब रही है और कोई आश्चर्य नहीं कि वे निश्चित रूप से उसके लिए अपने प्यार का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उसकी सबसे अच्छी विशेषताओं में से एक यह तथ्य होना चाहिए कि वह अपने स्थान पर 'ओजी' होने में विश्वास करती है। फैशन के रुझानों का बेतरतीब ढंग से अनुसरण करने के बजाय, दिवा चीजों को आगे बढ़ाने के लिए अपने स्वयं के रचनात्मक स्वभाव का उपयोग करके अपने स्वयं के फैशन रुझानों को स्थापित करने में विश्वास करती है। आत्मविश्वास और स्वैग उसके डीएनए में चलता है और इसलिए, वह सटीकता के साथ सभी लुक को आसानी से खींचने में सक्षम है। फैशन के लिए अपने प्यार के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने हाल ही में मुंबई में IWMBuzz सेलिब्रिटी बैश 2024 कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने रेड कार्पेट पर एक सुंदर और मनमोहक हरे रंग के गाउन में एक आश्चर्यजनक उपस्थिति दर्ज कराई, जिस पर आकर्षण और सुंदरता लिखी हुई थी। इस तथ्य को देखते हुए कि वह एक प्राकृतिक सुंदरता हैं, उन्हें अपने लुक से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मेकअप की आवश्यकता थी। बिना किसी संदेह के, वह कार्यक्रम की सबसे अच्छी पोशाक पहनने वाली दिवाओं में से एक थीं। अगर कच्चे स्वैग और आकर्षक सुंदरता के साथ सूक्ष्म और सादगी का मिश्रण कभी एक चेहरा होता, तो वह निश्चित रूप से रोजलिन खान होतीं।

## बीएसएनएल की 19,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना




बीएसएनएल में वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम की योजना, वित्त मंत्रालय से मंजूरी की प्रतीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम डिपार्टमेंट और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने एक बड़ा कदम उठाने की योजना बनाई है, जिसमें वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम (वीआरएस) को लागू करने की योजना है। इसके तहत, वित्त मंत्रालय से 15,000 करोड़ रुपए की मांग की जा रही है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट वीआरएस के माध्यम से कंपनी की फाइनेंशियल स्थिति को सुधारने के साथ-साथ एम्प्लॉइज की संख्या में 35 फीसदी की कमी लाना चाहता है। इसके बावजूद, किसी भी ऑफिशियल घोषणा में इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। एक अधिकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव में कंपनी की फाइनेंशियल स्थिति को मजबूत करने के लिए एम्प्लॉइज की संख्या में 18,000 से 19,000 तक की कमी का प्रस्ताव है। इसके लिए वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद इसका आगे का कदम बढ़ाया जाएगा।

## आरबीआई ने दी प्रीपेड थर्ड पार्टी ऐप से पैसा भुगतान या ट्रांसफर की मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप गूगल पे, फोने पे या आमेजन पे से पैसे की लेन-देन करते हैं लेकिन यह तभी संभव होता है जब ये डिजिटल पेमेंट वॉलेट किसी बैंक खाते से जुड़ा होता हैं। अब आप ऐसे डिजिटल पेमेंट वॉलेट से भी पैसे का लेन-देन कर सकेंगे, जो किसी भी बैंक खाते से नहीं जुड़ा हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने ऐसे थर्ड पार्टी ऐप के जरिए भी अब पैसे के भुगतान या ट्रांसफर को मंजूरी दे दी है। ये थर्ड पार्टी ऐप यानी प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट होंगे यानी




पीपीआई रखने वालों को केवाईसी कराना होगा अनिवार्य

एक ऐसे डिजिटल वॉलेट जिनमें किसी बैंक खाते, यूपीआई या नगद के जरिए पहले पैसा डालना होगा। फिर उतने ही पैसे का आप भुगतान कर सकेंगे। अलग से पैसे डाले बिना ये वॉलेट आपके बैंक खाते का इस्तेमाल पैसे के ट्रांसफर के लिए नहीं कर सकेंगे। आरबीआई ने पीपीआई के जरिए यूपीआई ट्राजैक्शन को हरी झंडी दी है। इसके लिए पीपीआई रखने वालों को अनिवार्य तौर पर केवाईसी करानी होगी। रिजर्व बैंक की इस हरी झंडी के बाद बैंक या नॉन बैंक अपना पीपीआई वॉलेट जारी कर सकेंगे। आप गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड आदि का इस्तेमाल करते हैं। ये सभी पीपीआई वॉलेट हैं। इनमें जितने पैसे कैश के जरिए या बैंक खाते से ट्रांसफर किए जाते हैं, उनका ही उपयोग केवल भुगतान के लिए किया जा सकता है लेकिन आरबीआई के नए आदेश के बाद या इनकी केवाईसी कराने के बाद इनके जरिए गूगल पे, फोन पे आदि ऐप पर भी पैसे ट्रांसफर किए जा सकेंगे। आरबीआई के इस पहल का मकसद डिजिटल पेमेंट की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाना है। इससे पीपीआई वॉलेट पर यूपीआई से पैसे के भुगतान को स्वीकार भी किया जा सकता है और यूपीआई प्लेटफॉर्म पर पैसे भेजे भी जा सकते हैं।

### वनप्लस 13 और वनप्लस 13आर नए साल में देंगे दस्तक

**नई दिल्ली।** भारत में वनप्लस 13 और वनप्लस 13आर 7 जनवरी 2025 को दस्तक दे सकती है। टिप्सटर योगेश बरार ने कीमत और अन्य फीचर्स सामने आए हैं। वनप्लस 1 की बात करें तो इसकी कीमत 67 हजार रुपए से 70 हजार रुपए तक हो सकती है। फोन को 12जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज और 16जीबी रैम + 512जीबी स्टोरेज वैरिएंट में लाया जा सकता है। यानी वनप्लस 12 सीरीज के मुकाबले ये थोड़े से महंगे हो सकते हैं। क्योंकि वनप्लस 12 सीरीज की शुरूआती कीमत 64,999 रुपए रखी गई थी। अब इसे ज्यादा कर दिया गया है। वनप्लस 13आर को 12जीबी+256जीबी स्टोरेज वैरिएंट के साथ लाया जा सकता है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की उम्मीद : डेलॉयट इंडिया

अगले वित्त वर्ष जीडीपी की वृद्धि दर 6.7 से 7.3 प्रतिशत के बीच रहेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जैसा कि डेलॉयट इंडिया ने अनुमान लगाया है। इसके साथ ही अगले वित्त वर्ष (2025-26) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर कुछ अधिक यानी 6.7 से 7.3 प्रतिशत के बीच रहेगी। डेलॉयट इंडिया के एक अर्थशास्त्री ने बताया कि वृद्धि दर का अनुमान पहली छमाही में कम रहा है, जिसके पीछे चुनाव को लेकर अनिश्चितताएं,




भारी बारिश और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों का प्रभाव है। लेकिन वह भी बताई कि कुछ क्षेत्रों में भारत ने जुझारू क्षमता दिखाई है, जैसे उपभोग का रुख, उच्च मूल्य वाले निर्माण की हिस्सेदारी निर्यात में और पूंजी बाजार में। डेलॉयट ने सरकार के द्वारा ढांचा विकास, डिजिटलीकरण, और विदेशी निवेश के उपायों पर ध्यान देने के साथ कुल दक्षता में सुधार की उम्मीद व्यक्त की है। इस संबंध में अर्थशास्त्री ने कहा कि हम सतर्क के साथ आशावादी हैं और उम्मीद करते हैं कि वृद्धि दर 6.5 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। अगले वित्त वर्ष में यह 6.7 से 7.3 प्रतिशत के बीच रहेगी। इसके अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर में अपने वृद्धि दर के अनुमान को 6.6 प्रतिशत पर कम किया था। यह उसके पहले अनुमान 7.2 प्रतिशत के साथ मिलता जुलता है। डेलॉयट ने बताया कि उच्च मूल्य वाले खंडों में भारत की मजबूत पोजीशन को दशार्ने में मदद मिल रही है, जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और रसायन सेक्टर। इसके बावजूद स्थानीय पूंजी बाजार में स्थिरता देखी जा रही है क्योंकि खुदरा और घरेलू निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है। हालांकि, पिछले तीन महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का सामना किया है।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहनों की कीमतें मजबूती के साथ बंद

❖ सीपीओ का दाम मजबूती के साथ 1,240-1,245 डॉलर प्रति टन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाम और पामोलीन तेल की कीमतें सर्दियों की मांग के कारण बढ़ गई हैं। बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों की कीमतें मजबूती के साथ बंद हुईं। पाम और पामोलीन तेल के दाम बढ़े हैं, जिसके कारण इसकी आम उपभोक्ता की पहुंच से दूर हो गई है। सूत्रों के अनुसार सोयाबीन और सरसों जैसे तिलहनों की मांग बढ़ने के कारण बाकी तेल-तिलहन की कीमतें भी सुधार रही हैं। पिछले सप्ताह सीपीओ का दाम मजबूती के साथ 1,240-1,245 डॉलर प्रति टन हो गया है। एक साधारण उपभोक्ता के लिए पामोलीन तेल का आयात पहले की तुलना में लगभग 17 रुपये किलो महंगा हो गया है। मौजूदा महंगाई के चलते तेलों की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन तेलों का खपना मुमकिन नहीं है। केवल तेलों के दाम में ही बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सूत्रों ने बताया कि सोयाबीन के डी-आयल्ड केक की स्थानीय मांग बढ़ रही है और इससे तेल-तिलहनों में सुधार हुआ है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में कपास की खेती का रकबा घटकर 112.60 लाख हेक्टेयर रह गया है।



# बच्चों को सिखाएं खाना बनाने की कला

खाना बनाना एक ऐसी कला है जो हर एक इंसान को आनी चाहिए। खाने के लिए किसी दूसरे पर निर्भर होना आपको ही नुकसान करेगा। इसलिए मां-बाप को बचपन से ही बच्चों को छोटी-मोटी चीजें बनानी सिखानी चाहिए। अगर आप अपने बच्चे को खाना बनाना सिखाना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातें ध्यान में रखनी होंगी, जिससे बच्चा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए खाना बनाना सीख सके। इसके लिए अलग से समय निकालने की जरूरत नहीं है।



- जो बच्चे खाना खाने में आनाकानी करते हैं उन्हें खाना बनाते समय साथ रखने से उनमें खाने के प्रति दिलचस्पी पैदा होती है, लेकिन बहुत छोटे बच्चे को किचन में न लाएं। बच्चा कम से कम 4 से 5 साल का हो तब उसे किचन में लाना शुरू करें।
- खाना बनाने से बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। बच्चों को अलग-अलग तरह की सब्जी, अनाज, फल और मसाले की जानकारी होती है। खाना बनाते समय ये सब चीजें उन्हें दिखाते चलें।
- बच्चों को किचन में साथ में रखने से वे खुरचना, पलटना, बेलना, फेंटना, छीलना, काटना, निचोड़ना जैसी चीजों के बारे में सीखते हैं, जो उनके लिए नए अनुभव होते हैं।
- चीजों को नाप कर बनाने से बच्चों की मैथ्स में दिलचस्पी बढ़ती है और उनकी कैलकुलेशन अच्छी होती है।
- बच्चों को डिनर टेबल सजाना सिखाएं। प्लेट, गिलास, कटोरी और चम्मच सजा कर रखने को कहें। इससे उनमें मैनेजमेंट के गुण आएंगे।

# पार्टी के लिए मेकअप लुक



अवसर हम अपने दोस्तों और परिवारजनों के साथ घूमना या पार्टी करने का प्लान बनाते हैं। पार्टी के लिए मेकअप लुक कैसा करें, यह काफी उलझन भरा सवाल हो सकता है। आज हम आपको इसमें मदद करने के लिए आपके लिए कुछ फेवरेट सिलेब्रिटूज के ग्लैमलुक लाएं हैं, जिनसे इंस्पायर होकर आप अपना टूर लुक क्रिएट कर सकते हैं।

### कलरफुल बेस लाइन

न्यू ईयर ईव को रंगीन बनाने के लिए आप अपने आई मेकअप के साथ कुछ अलग कर सकते हैं। अपनी आंखों के बेस के लिए नॉर्मल ब्लैक या ब्राउन शेड की जगह, आप किसी ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे- पीला, हरा, लाल या गोल्डन। इससे आपकी आंखें, आपके चेहरे की ही नहीं बल्कि पूरी पार्टी की सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन जाएंगी।

### क्लासिक रेड लिप्स

रेड लिप्सटिक आज से नहीं बल्कि काफी समय से ग्मैर वर्ल्ड की दुनिया में राज करती आई है। सिलेब्रिटीज के रेड कारपेट लुक से लेकर आपकी न्यू पार्टी तक के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। रेड लिप्सटिक आपके लुक को काफी बेहतर बना सकती है।

### ग्लिटरी आई मेकअप

किसी भी पार्टी के लिए ग्लिटरी आई लुक काफी बेहतर ऑप्शन हो सकता है। वैसे भी पार्टी बिना ग्लिटर्स के पूरी नहीं होती। इसलिए अपने न्यू ईयर पार्टी लुक के लिए आप गोल्डन, सिल्वर या ब्रोन्ज आई शैडो का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### डब्ल विंग आई लाइनर

कुछ अलग सा आई मेकअप आपकी आंखों के लुक को काफी अलग बना सकती हैं। डब्ल विंद आई लाइनर ऐसा करने में आपकी मदद कर सकता है। आंखों के ऊपर विंग और नीचे विंग आईलाइनर लगाएं।

### रिवर्स आई लाइनर

रिवर्स आईलाइनर इस साल के काफी पॉपुलर मेकअप लुक्स में से एक रहा है। इस लुक को पाने के लिए आप अपनी अपर लिड की जगह, लोवर लैश लाइन पर विंग्ड आई लाइनर लगाएं। आप चाहें तो पेंसिल लाइनर का इस्तेमाल कर, इसे ब्रश की मदद से स्मज भी कर सकते हैं।



# नाखूनों को रखें हेल्दी

स्वस्थ बने रहने के लिए सिर्फ शरीर पर ही ध्यान देना जरूरी नहीं है, बल्कि नाखूनों की भी साफ-सफाई और देखभाल जरूरी है,क्योंकि इन्हें जरिए कीटाणु आसानी से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। दूसरा आजकल महिलाएं नाखूनों पर कई तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रही हैं। ये बेशक आपके नाखूनों को खूबसूरत बनाते हैं, लेकिन साथ ही इससे नाखून ड्राई और पीले पड़ जाते हैं, तो कैसे करें इनकी केयर, आइए जान लेते हैं।

### वॉटर बेस्ड मैनीक्योर से बचें

वॉटर बेस्ड मैनीक्योर देखने में भले ही अच्छी लगती हो, लेकिन ये नाखूनों के लिए सही नहीं होती, तो इसे अवॉयड करें। वॉटर बेस्ड मैनीक्योर में नेल पॉलिश नाखूनों पर चिपक जाती है, वहीं अगर आप ऑयल बेस्ड मैनीक्योर चुनती हैं, तो इससे नाखून ड्राई नहीं होते।

### ऑयल से करें मॉयस्चराइज

अपने नेल्स को तेल से मॉयस्चराइज करें, जिससे वे मजबूत बने रहें। सोने से पहले नेल्स के क्यूटिकल्स पर बादाम का तेल लगाना सही होता है। इससे ड्राईनेस नहीं होती। बादाम का तेल न हो, तो लिप बाम से भी काम चलाया जा सकता है।

### सॉफ्टनर लगाएं

नेल्स को हेल्दी और मजबूत बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार मैनीक्योर जरूर करें। इसके लिए नमक वाले गुनगुने पानी में कुछ देर के लिए हाथों को डुबोएं। फिर हाथों की स्क्रबिंग करें और नाखूनों के किनारों में जमी गंदगी को फाइलर की मदद से साफ कर लें। सबसे बाद में सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें।

### इन्फेक्शन को करें दूर

अगर आपके नेल्स के आसपास दाने हो गए हैं या उनमें ब्लीडिंग और खुजली होती रहती है, तो ये इन्फेक्शन हो सकता है। जिसे बिल्कुल भी इग्नोर न करें। इसके अलावा नाखूनों में रेडनेस, सूजन और दर्द रहना फंगल इन्फेक्शन के लक्षण हो सकेत हैं।

### बायोटिन को करें ऐड

बायोटिन हमारे बालों और नाखूनों की मजबूती बढ़ाने में बहुत ही जरूरी विटामिन है। कई रिसर्च में भी इस बात का पता चलता है कि नियमित रूप से बायोटिन सप्लीमेंट लेने से नाखूनों की क्वॉलिटी सुधरती है। वैसे आप विटामिन बी युक्त खानपान को भी डाइट में शामिल कर ये फायदा ले सकती हैं। उबले अंडे, नट्स, पीनट बटर, साबुत अनाज, सोया, फलियां, गोभी, केले और मशरूम को करें डाइट में शामिल।



# नए कार्य शुरु करने के ज्योतिष टिप्स

कई बार व्यक्ति को अपने मन मुताबिक सफलता प्राप्त नहीं होती। ऐसे में यदि आपको भी किसी नए काम की शुरुआत में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन ज्योतिष टिप्स को अपना सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जानते हैं कि नई नौकरी जॉइन करने से पहले किन बातों का ध्यान रखने से व्यक्ति को लाभ मिल सकता है।

### जरूर देखें शुभ मुहूर्त

यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो इसके लिए शुभ मुहूर्त जरूर देखना चाहिए। इसके साथ ही नए काम की शुरुआत के लिए सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार का दिन बहुत ही शुभ माना गया है।

### जरूर करें गणेश जी का पूजा

किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले गणेश जी का पूजन किया जाता है ताकि उस कार्य में सफलता प्राप्त हो। ऐसे में यदि आप कोई नया बिजनेस शुरू करने जा रहे हैं तो सबसे पहले गणेश जी का पूजन करें।
पूजा के दौरान उन्हें दूर्वा जरूर अर्पित करें। ऐसा करने से व्यक्ति को अपने कार्य में सफलता मिलती है।

### इन दिन करें जॉइनिंग

अगर आप किसी नई नौकरी में जॉइनिंग करने जा रहे हैं तो ज्योतिष की दृष्टि से शनिवार, गुरुवार या मंगलवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। इसके साथ ही प्रतिपदा, अमावस्या, षष्ठी एवं अष्टमी को छोड़कर, अन्य तिथियों पर नई नौकरी जॉइन करना शुभ माना जाता है।

# चेहरे पर लगाएं नेचुरल चीजें

सुबह-सुबह आईने में खुद को निहारना किसे पसंद नहीं होता और खिला-खिला चेहरा नजर आए, तो पूरा दिन कॉन्फिडेंस से भर जाता है। सबकी चाहत होती है कि लोग उनकी खूबसूरती की तारीफ करें। इसके लिए वे तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कोई भी कॉस्मेटिक का ज्यादा समय तक इस्तेमाल आपकी स्किन को खराब कर सकता है। आप अपनी खूबसूरती को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए हमेशा घरेलू नुस्खों का ही इस्तेमाल करें, तो स्किन के लिए बेहतर है।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल स्किन के लिए हर तरह से फायदेमंद साबित होता है। इसलिए इसको रात में लगाकर सो जाएं इससे अगली सुबह आपकी स्किन नर्म और मुलायम नजर आएगी।

### कच्चा दूध करें अप्लाई

रात में सोने से पहले चेहरे पर कच्चा दूध लगाने से सुबह आपकी त्वचा खिली-खिली नजर आएगी। ये चेहरे के डेड स्किन को हटा देता है जिससे आपकी त्वचा ग्लो करने लगती है।

### मसूर दाल का पेस्ट

दूध में भिंगो कर मसूर दाल का पेस्ट बना लें और इसमें थोड़ी सी शहद मिलाकर इसे चेहरे पर लगाएं और आधे घंटे बाद उसे नॉर्मल पानी से धो लें। आप खूबसूरत खिली-खिली त्वचा।



### हल्दी और मलाई

रात में हल्दी पाउडर में मलाई मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे हाथों से धीरे धीरे रगड़कर गुनगुने पानी से धो लें । इससे आपका चेहरा दमकने लगेगा।

### पपीता का पेस्ट

पके पपीते का पेस्ट बनाकर उसे चेहरे पर लगाएं और कुछ देर तक मसाज करें और फिर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें।इसके इस्तेमाल से भी चेहरे की रंगत निखरती है।

### चंदन और शहद मिलाकर लगाएं

चंदन के फेसपैक में शहद मिलाकर लगाएं और आधे घंटे बाद इसे पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे में ग्लो आएगा।

### टमाटर और नींबू

टमाटर के रस में नींबू का रस मिलाकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाएं। करीब 30 मिनट बाद साफ कर लें।



# शादीशुदा जिंदगी में दोनों के सपोर्ट जरूरी

भाई शादीशुदा लोगों के जीवन में जब तक छोटी-मोटी खटपट न हो, तब तक प्यार और सुकून कहां। इन नोंकझोंक के पीछे कई बार जायज वजहें होती हैं, तो बार ऐसे ही पंगे हो जाते हैं। वैसे एक ऐसा टॉपिक है जिस पर अकसर पत्नियां बिफर जाती हैं और वो हैं पति के दोस्त। जब कभी ब्वॉयज नाइट आउट हो, ट्रिप हो या फिर घर पर लंच, डिनर का इन्विटेशन…बहुत कम चांसेज़ होते हैं जब इसे लेकर आपस में तकरार न हो। ऐसे में पति का पूरा वक्त पत्नी को मनाने में ही चला जाता है। ऐसे बिहेवियर से पति के दोस्तों की नजरों में आपसे ज्यादा आपके पति की इमेज खराब होती है, तो कुछ बातें हैं जिसे ध्यान रखें जब कभी पति के दोस्त घर आएं। आइए जानते हैं इस बारे में।

### पति को ताने मारने से बचें

पति की ऐसी कई सारी आदतें हो सकती हैं, जो आपको पसंद नहीं होती, लेकिन इसका दोस्तों के सामने ढिंढोरा पिटना सही नहीं और उसे लेकर ताने तो बिल्कुल न मारें। आप तो कहकर निकल जाएंगी, लेकिन बाद में दोस्त इस पर हर वक्त उनकी चुटकियां लेते हैं जिससे वो इरीटेट होते रहेंगे और आपसे लड़ाई करते रहेंगे।

### धमकी देने से बचें

पति जब दोस्तों के साथ हों, तो बार-बार उन्हें धमकियां न दें, ये भी एक तरह का बुरा बिहेवियर है, जो दोस्तों के सामने आप दोनों का मजाक बना सकता है। कोई इश्यू है, तो उन्हें अकेले बुलाकर बताएं। इससे वो सिचुएशन को समझदारी के साथ डील करने की कोशिश करेंगे।

### पति को कंजूस न कहें

अगर आपका पति बेफिजूल खर्चे नहीं करता, तो जरूरी नहीं वो कंजूस हो। ऐसा भी हो सकता है कि वो जरूरत की चीजें खरीदने में बिलीव करता है, तो उनकी इस आदत को लेकर भी दूसरों के सामने मजाक न बनाएं।

### नाराजगी जाहिर न करें

अगर किसी बात को लेकर पहले से ही नाराज हैं, तो दोस्तों के घर आने पर ओवर रिएक्ट न करें। ऐसा कई बार होता है कि दबा हुआ गुस्सा किसी के सामने आने पर और ज्यादा जाहिर हो जाता है।
कई बार तो कपल्स दूसरों के सामने ऐसा बर्ताव भी कर बैठते हैं कि बात में उन्हें पछतावा होता है।

# बच्चों की परवरिश

आज के दौर में बच्चों की परवरिश का तरीका काफी बदल चुका है। बदलते परिवेश की वजह से बच्चों की परवरिश मौजूदा समय में काफी मुश्किल हो गई है। बढ़ती महंगाई और बदलती लाइफस्टाइल की वजह से आजकल माता-पिता दोनों की कामकाजी हो चुके हैं। ऐसे में इन दिनों काम के बढ़ते प्रेशर की वजह से लोग अक्सर अपने परिवार और बच्चों को टाइम नहीं दे पाते हैं। अक्सर वर्किंग पेरेंट होने की वजह से अभिभावक बच्चों पर सही तरीके से ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में बच्चे अपने पेरेंट्स से दूर होने लगते हैं और इसकी वजह से वह कई बार गलत रास्तों पर चले जाते हैं। अगर आप भी एक वर्किंग पेरेंट हैं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो एक वर्किंग पेरेंट को अपने बच्चों को सही परवरिश के लिए जरूर अपनानी चाहिए।

### सुबह जल्दी उठें

माता-पिता और बच्चे सभी सुबह जल्दी उठें। सुबह जल्दी उठने से आप पाएंगे कि आपको एक दिन में अपने लिए काफी समय मिल जाता है। इस समय को आप अपने बच्चे के साथ शेयर करने के लिए चुनें। बच्चे को स्कूल जाने के टाइम से पहले उठाएं। इससे बच्चे की आदत और उनका स्वास्थ्य दोनों में ही सुधार आएगा। बच्चे के साथ बैठ कर योग करें, उन्हें सूर्योदय और आकाश दिखाएं, प्रकृति से जोड़ें। इससे बच्चे में प्रकृति से भी जुड़ने के संस्कार आते हैं और वह स्वस्थ भी होते हैं। साथ ही वह आपके साथ अधिक समय भी व्यतीत कर पाते हैं, क्योंकि इसके बाद आप ऑफिस और बच्चा



### हफ्ते में एक पूरा दिन बच्चे को दें

हफ्ते या दस दिन में एक पूरा दिन बच्चे को समर्पित करें। उनके पसंद का खाना बनाएं, उन्हें मिलकर कहीं घुमाने ले कर जाएं, उनके साथ कोई अच्छी मूवी देखें या फिर बच्चे के पसंद का कोई भी काम जैसे पेंटिंग, डांसिंग, क्राफ्ट वर्क आदि साथ में बैठ कर करें। इससे बच्चा आत्मिक रूप से आपसे जुड़ेगा। अपनी पसंद-नापसंद और अपनी सभी बातें आपसे शेयर करेगा। इससे हफ्ते भर में अगर उसे किसी दिन नेगलेक्ट महसूस हुआ भी होगा तो उस दिन की भरपाई इस प्रकार से हो जाएगी।

### दिनभर में आधा घंटा बच्चे की बातें ध्यान से सुनें

बच्चे सवालों का पिटारा होते हैं। उनके मन में लाखों सवाल प्रतिदिन आते हैं और दिन भर की सभी बातें शेयर करने के लिए भी उन्हें किसी की जरूरत होती है। अक्सर वर्किंग माता-पिता यह बोल कर बच्चे को चुप करा देते हैं कि "अभी नहीं बोलो बेटा, बाद में बताना, अभी मैं बिजी हूं"। जायज है कि आप वास्तव में व्यस्त हो सकते हैं, लेकिन ऐसे में एक रूटीन ऐसी बनाएं, जिसमें अपने बच्चे के सभी जिज्ञासु सवाल और उसकी दिनभर की बातें सुने।



# डार्क चॉकलेट से जुड़ें हैं सेहत के कई फायदे

डार्क चॉकलेट खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है। इसके साथ ही, यह आपकी सेहत के लिए भी काफी लाभदायक होता है। इसमें ज्यादा एंटी-ऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं, जो आपकी स्किन को बेहतर बनाने में मददगार होते हैं। यह फ्री-रेडिकल डैमेज से बचाव करता है और साथ ही, कोलेस्ट्रॉल को कम कर दिल की सेहत का भी ख्याल रखता है। इसके अलावा, ब्लड प्रेशर और इंफ्लेमेशन कम करने में भी यह काफी मददगार हो सकता है।

### ब्राउनी

एक पैन में पानी में डालें और उसके ऊपर कटोरे में डार्क चॉकलेट को काट रखें और पिघला लें। जब चॉकलेट पिघल जाए, तो उसे हटा कर, साइड में ठंडा होने के लिए रख लें। एक बड़े कटोरे में आटा, कोको, बेकिंग सोडा मिलाएं। इसके बाद पिघलाई हुई चॉकलेट में चीनी, कॉफी, वेनिला और छाछ मिलाएं। इसमें थोड़ा पानी मिलाएं और अंडे को तोड़कर इसमें मिलाएं। इसके बाद इसमें आटा और कोको का मिश्रण मिलाएं। अब इस मिश्रण को टिन में डालें और 30 मिनट के लिए बेक करें।

### चॉकलेट फ्रिज केक

ड्राई फ्रूट्स को जूस में डालें और 2 मिनट तक माइक्रोवेव करें। इसके बाद चॉकलेट को एक बाउल में लें और उसमें मक्शन और गोल्डन सिरप डालकर माइक्रोवेव में गर्म कर लें। इसके बाद एक कटोरे में बिस्कुट तोड़ें और उसके साथ पिघली हुई चॉकलेट और जूस में भिगोए हुए ड्राई फ्रूट्स मिलाएं। इसके बाद, इसे बेकिंग ट्रे में डालें और अच्छे से फैलाकर, इसे रातभर फ्रिज में रखें। अगले दिन आप इसे चौकोर टुकड़ों में काट लें और आपका केक तैयार है।

### चॉकलेट टी केक

एक कटोरे में क्रीम चीज और चीनी को अच्छे से मिला लें। इसके बाद, पंपकिन, पाई मसाला और वनिला को मिलाएं। इसके बाद इसमें क्रैकर्स तोड़कर मिलाएं। इसके बाद इसे फ्रिज में मिलाएं। इसके बाद इसे एक ट्रे में पंपकिन के मिश्रण को रखें और फ्रिज में ठंडा होने के लिए रखें। माइक्रोवेव में, चॉकलेट पिघलाएं; चिकना होने तक हिलाएँ। ट्रफ़ल्स को चॉकलेट में डुबोएं; अतिरिक्त को टपकने दें।

# दादी मां के नुस्खों से लेकर आधुनिक देखभाल तक

भारत को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं और समय के साथ परखे गए तरीकों के लिए जाना जाता है, ओरल हाइजीन (मुंह की साफ-सफाई) भी इस दृष्टि से अलग नहीं हैं। देश भर के परिवार कई पीढ़ियों से दांतों और मसूड़ों की देखभाल के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाते रहे हैं, जैसे नीम का दातुन, नमक रगड़ना या लौंग के तेल का इस्तेमाल। आज भी ये तरीके हमारे लिए मायने रखते हैं और बहुत से आधुनिक परिवारों को उनकी जड़ां से जोड़े रखते हैं।यह बात एमडीएस, पीएचडी, प्रोफेसर पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री की डॉ सोनिया दत्ता ने कही।

**विभिन्न क्षेत्रों के पारम्परिक सुझाव**
भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मुंह की देखभाल के लिए अलग-अलग तरह के नुस्खे अपनाए जाते हैं। ये नुस्खे उन क्षेत्रों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ लोगों के व्यवहारिक ज्ञान और जानकारी पर निर्भर करते हैं।

## देश भर में ओरल हेल्थ के पारम्परिक तरीके

**दक्षिण भारतः नीम की दातुन चबाना**
दक्षिण भारत में बहुत से लोग अपने मुंह की देखभाल के लिए नीम या 'मार्गोसा' की टहनियों को चबाते हैं। नीम की टहनियों को एंटीबैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है, ये टूथब्रश और नैचुरल माउथ फ्रैशनर की तरह काम करता है। आज भी गांवों में बहुत से लोग इसी तरीके से अपना मुंह साफ करते हैं, जो बिना किसी आर्टीफिशियल इन्ग्रीडिएंट के मुंह को स्वस्थ और सांसों को तरोताज़ा कर देता है। आज के दौर में नीम से बने टूथपेस्ट आते हैं, जो सदियों पुराने इस नुस्खे को रोज़मर्रा में शामिल करने का आसान तरीका हैं।

**पूर्वी भारतः** सरसों का तेल और नमक
पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और असम जैसे क्षेत्रों में सदियों से लोग अपने मुंह की देखभाल के लिए सरसों के तेल में नमक मिलाकर इस्तेमाल करते आए हैं।



माना जाता है कि इस मिश्रण को दांतों और मसूड़ों पर रगड़ने से मसूड़े मजबूत और दांत चमकदार हो जाते हैं। अपने एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लामेटरी गुणों के चलते यह मसूड़ों की बीमारियों से भी बचाता है। आज के दौर में दांतों की देखभाल के लिए बनाए जाने वाले प्रोडक्ट्स में सरसों के तेल और नमक का इस्तेमाल किया जाता है। जो दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में कारगर है।

**उत्तर भारतः मिस्वाक की छड़ी और हल्दी**
उत्तर भारत में मुंह की देखभाल के लिए साल्वाडोरा पर्सिका पेड़ से मिलने वाले मिस्वाक का इस्तेमाल किया जाता है। मिस्वाक को प्राकृतिक फ्लोराईड कंटेंट और प्लॉक दूर करने वाले गुणों के लिए जाना जाता है। यह सदियों से मुंह की देखभाल के लिए भरोसेमंद संयोजन रहा है। इसके अलावा हल्दी में एंटी-इन्फ्लामेटरी गुण होते हैं, यह पेस्ट मसूड़ों की समस्याओं को हल करने में कारगर है। आजकल हल्दी से बने टूथपेस्ट और मिस्वाक से बने ओरल केयर टूल्स आते हैं।

**पश्चिम भारतः बबूल की टहनियां**
राजस्थान और गुजरात में बबूल (एकेसिया) की टहनियों को दांत साफ करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बबूल को इसके एंटीबैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है, यह दांतों को मजबूत बनाकर कैविटी रोकने में मदद करता है। आजकल इस इन्ग्रीडिएन्ट का इस्तेमाल ओरल केयर प्रोडक्ट्स बनाने में किया जाने लगा है।



# नवीन पोलीशेट्टी की आगामी फिल्म में मीनाक्षी चौधरी ने श्रीलीला को किया रिप्लेस



नवीन पोलीशेट्टी साउथ के एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। हालांकि, लंबे समय से वह किसी बड़ी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। उनकी आखिरी फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी को रिलीज हुए काफी समय हो चुका है। अब, अभिनेता के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। नवीन की आगामी फिल्म अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को फिर से शुरू किया गया है।

### श्रीलीला हुई फिल्म से बाहर

पहले इस फिल्म को कुछ कारणों से रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब यह फिर से बन रही है। इसका टीजर आज रिलीज होने वाला है। फिल्म में शुरुआत में श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में कास्ट किया गया था, लेकिन शेड्यूल के टकराव के कारण उन्होंने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया।

### लकी भास्कर से लूटी वाहवाही

इसके बाद फिल्म में उनकी जगह मीनााक्षी चौधरी को कास्ट किया गया है। मीनाक्षी को हाल ही में लकी भास्कर में देखा गया था। फिल्म में उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दुलकर सलमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बड़े पर्दे के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर भी खूब पसंद किया गया था।

### लकी भास्कर की सफलता के बाद हाथ लगी एक और फिल्म

इस फिल्म की सफलता के बाद अब उनके हाथ एक और फिल्म आ गई है। नवीन पोलीशेट्टी के साथ इस फिल्म से उनके करियर को नई उड़ान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



## श्रुति हासन ने किया खुलासा

# क्यों नहीं करना चाहतीं शादी

श्रुति हासन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनसे शादी को लेकर हमेशा सवाल पूछे जाते हैं। अब अभिनेत्री ने आखिरकार इन सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने हाल ही में यह साफ किया कि वह शादी के बजाय रिलेशनशिप में रहना पसंद करती हैं।

### शादी क्यों नहीं कर रहीं श्रुति?

बातचीत करते हुए जब श्रुति से उनके शादी न करने के बयान के बारे में पूछा गया तो इस पर जवाब देते हुए उन्होंने अपनी स्थिति को फिर से स्पष्ट किया। श्रुति ने कहा, मुझे नहीं पता। मुझे रिलेशनशिप बहुत पसंद हैं और मुझे रोमांस भी पसंद है। मैं रिश्ते में रहना पसंद करती हूं, लेकिन किसी से इतना ज्यादा जुड़ना मुझे थोड़ा डराता है।

### कई सफल शादी देखी, फिर भी नहीं बदला नजरिया

श्रुति ने यह भी कहा कि उनका शादी के प्रति यह दृष्टिकोण उनके व्यक्तिगत विश्वासों पर आधारित है, न कि किसी अतीत के अनुभवों पर। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपने दोस्तों के सफल विवाह देखे हैं, लेकिन इन सकारात्मक उदाहरणों के बावजूद उनका नजरिया नहीं बदला।

फैंस पूछ चुके हैं कई बार सवाल

यह पहली बार नहीं है जब श्रुति ने शादी पर बात की है। एक बार इंस्टाग्राम पर एक प्रशंसक ने उनसे शादी के प्लान के बारे में पूछा तो उन्होंने मजाक में जवाब देते हुए का था, यह सवाल पूछना बंद करें।

### इन फिल्मों में दिखेंगी श्रुति

श्रुति ने कुछ समय पहले ही अपने बॉयफ्रेंड संतानु हजारिका से अपना रिश्ता समाप्त किया था। ऐसा कहा जाता था कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो श्रुति जल्द ही कुली फिल्म में रजनीकांत के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म लोकेश कनगराज निर्देशित कर रहे हैं। इसमें नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र राव, सौबिन शाहिर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा उनके पास बहुप्रतीक्षित सालार- पार्ट 2 शौर्यंगा पर्वम भी है, जिसमें प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन अहम भूमिका में हैं।

# फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में दिखेंगे कार्तिक आर्यन




र्तिक आर्यन को पिछली बार भूल का मुलेया 3 में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी भी लीड रोल में थीं। ये बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब कार्तिक को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। वे जल्द ही तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में दिखाई देंगे। कार्तिक की फिल्म में फिलहाल एक्ट्रेस की घोषणा नहीं की गई है। मेकर्स ने इसका एक प्रोमो रिलीज किया है। इसमें कार्तिक की आवाज में डायलॉग सुनाई दे रहा है। इसमें वे कह रहे हैं... मेरे तीन ब्रेकअप हुए हैं ये सब जानते हैं लेकिन कोई ये नहीं जानता कि मुझसे जुदा होने के बाद मेरी एक्स का हाल बेहाल, जीना दुश्वार हो गया। चौथी वाली के साथ ऐसा न हो इसलिए मैं जी जान लगा दूंगा कि कोई उसे मुझसे जुदा न कर पाए। उसे जुदा होने का फोमो मैं उसे होने नहीं दूंगा। मम्मी कसम खाई है मैंने और मम्मी की खाई कसम ये मम्मास बॉय पूरी करके ही रहता है। इस फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस कर रहे हैं। फिल्म के मेकर्स में करण जौहर के साथ आदर पूनावाला और अपूर्वा मेहता का नाम भी शामिल है। इसके अलावा कार्तिक फिल्म पति पत्नी और वो 2 में भी दिखाई देंगे।

# सैयामी खेर ने ऑस्ट्रेलिया में अपना बचपन का ख्वाब पूरा किया

अभिनेत्री सैयामी खेर ने ऑस्ट्रेलिया यात्रा से जुड़ी दिलचस्प बात साझा की। उन्होंने इसे ख्वाब पूरा करने वाली ट्रिप का नाम दिया। सैयामी ने खुलासा किया कि इस यात्रा ने उन्हें वह सब कुछ करने का मौका दिया, जिसका उन्होंने बचपन में सपना देखा था।
अभिनेत्री ने बताया कि यह उनके जीवन का एक कभी ना भूल पाने वाला हिस्सा बन गया। जिसमें गाबा में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच देखने से लेकर खूबसूरत वन्यजीवों की खोज करने और सर्फिंग और डाइविंग करने तक सब कुछ शामिल था।
अपनी यात्रा के बारे में अभिनेत्री ने बताया, मुझे ऑस्ट्रेलिया आना बहुत पसंद है। यहां आना हमेशा बहुत खास होता है। 'घूमर' का अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर यहीं हुआ था और तब से मैं तीन बार यहां आ चुकी हूं। इस यात्रा में मुझे वह सब कुछ करने का मौका मिला, जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। गाबा में बहुत ही शानदार अनुभव था, यहां के खूबसूरत वन्यजीवों की खोज करना, सर्फिंग और डाइविंग करना, कोआला को गोद में लेना और कंगारुओं को खाना खिलाना बहुत ही प्यारा था। मैं यहां से ढेर सारी खुशनुमा यादें ले जा रही हूं! सैयामी खेर सारा तेंदुलकर, ईशान खट्टर, कबीर खान, मिनी माथुर, प्राची देसाई, जहीर खान और सागरिका घाटगे सहित अपने दोस्तों के साथ रोमांचक भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट मैच देखने पहुंची। सैयामी क्रिकेट के मैदान से बाहर भी दोस्तों के साथ अनमोल पल बिताती दिखीं। उन्होंने इसे जीवन का खास अनुभव बताया। सैयामी खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री हाल ही में फिल्म 'अग्नि' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने एक फायर फाइटर की भूमिका निभाई थी। फिल्म निर्माता राहुल ढोलकिया के निर्देशन में तैयार फिल्म 'अग्नि' में सैयामी खेर के साथ प्रतीक गांधी और दिव्येंदु शर्मा, साई ताम्हणकर, जितेंद्र जोशी, उदित अरोड़ा और कबीर शाह ने भी अहम भूमिका निभाई थी। 'अग्नि' का प्रीमियर 6 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर हुआ था।







# 'परम सुंदरी' में नजर आएगी जान्हवी सिद्धार्थ की जोड़ी

दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स की मूवी 'परम सुंदरी' काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। इसमें जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। फिल्म 'परम सुंदरी' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी दिनेश विजान ने तुषार जलोटा को दी है। यह फिल्म अगले साल 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म एक लव स्टोरी है, लेकिन इसमें कहानी को जरा अलग अंदाज में कहा जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म 'परम सुंदरी' की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी।

### नॉर्थ-साउथ के मिलन की कहानी

फिल्म 'परम सुंदरी' की एक फ्रेश लव स्टोरी को दिखाया जाएगा। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है। इस तरह के सब्जेक्ट पर पहले भी फिल्में बनी हैं, लेकिन दिनेश विजान और तुषार जलोटा, इसी कहानी को अलग ढंग से कहने वाले हैं। फिल्म का जो पोस्टर और लुक अभी तक रिलीज हुआ है, उसमें जान्हवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा काफी अच्छे नजर आ रहे हैं, इन दोनों के बीच केमिस्ट्री भी अच्छी दिख रही है। फिल्म 'परम सुंदरी' में केरल को भी दिखाया जाएगा, वहां की सुंदरता को भी फिल्म में दिखाया जाएगा। साथ ही एक हंसाने-रुलाने वाली प्रेम कहानी को भी कहा जाएगा। उम्मीद है कि यह फिल्म भी मैडॉक की बाकी फिल्मों की तरह ही सफल होगी। मैडॉक फिल्म्स ने इस साल 'स्त्री 2', 'मुंजया' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी हिट फिल्में दी हैं, दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है।



# मुंबई ने मुझे यह पहचान दी है, मैं आज जो हूं, वह सब इस शहर की वजह से है

फिल्म शैतान में नशेड़ी युवा, हेट स्टोरी में बिगड़ैल रईसजादा तो हंटर में सेक्स एडिक्ट, ऐक्टर गुलशन देवैया ने अपने करियर के शुरुआत से ही लीक से हटकर बोल्ड किरदारों को चुनने का साहस दिखाया। इसी कड़ी में वह इन दिनों अपनी नई फिल्म झांसी का राजकुमार को लेकर चर्चा में हैं। समाज में तय जेंडर रोल की आम धारणा को तोड़ती इस फिल्म में गुलशन एक कामकाजी पत्नी के बेरोजगार हाउस हस्बैंड के रोल में हैं।

**हमारे समाज में हमेशा से यही कहा जाता रहा है कि मर्द कमाकर लाते हैं और औरतें घर संभालती हैं। आपकी फिल्म जेंडर रोल की इस तय धारणा को तोड़ती है। इस बारे में आपकी निजी राय क्या है?**

मैं बिल्कुल ऐसा नहीं मानता कि मैं मर्द हूं तो मैं घर में नहीं रह सकता हूं। घर के कामकाज नहीं कर सकता हूं। ये नियम किसने बनाए? ऐसा कहां पर लिखा है? मेरे हिसाब से ऐसा कोई जेंडर रोल तय नहीं होना चाहिए। हालांकि, यह सोच हमारे समाज में है, जिस पर चर्चा होनी चाहिए। इसीलिए, हमने यह फिल्म बनाई है, क्योंकि मैं इस चीज के बिल्कुल पक्ष में नहीं हूं। मेरा मानना है कि मर्दानगी की कोई एक परिभाषा नहीं होती। हम लोग ये मान लेते हैं कि ये मर्दानगी है और ऐसा करना मर्दानगी नहीं है। मेरे हिसाब से घर में कामकाज करने वाला, कपड़े धोने वाला भी मर्द है और वो जिनके छाती पर बाल होते हैं, जो बहुत रफ-टफ टाइप के होते हैं, वे भी मर्द है।

**फिल्म में आपका किरदार दिल्ली से झांसी में नई जिंदगी शुरू करता है। आप भी बैंगलुरू से ऐक्टर बनने मुंबई आए। आपके लिए नए शहर में नई शुरुआत कितनी चुनौतीपूर्ण रही थी?**

मेरे सामने एक ही दिक्कत थी कि मैं काम सीखकर आया था, इतना तैयार होकर आया था कि भरोसा था कि कोई ना कोई काम तो मिल जाएगा। फिर भी, मैं खुद को लेकर बड़ा अंडर कॉन्फिडेंट था क्योंकि मुझे फिल्म बिजनेस की कोई समझ नहीं थी। मैं सिर्फ क्राफ्ट सीखकर आया था, जबकि यहां फिल्म बिजनेस समझना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर आप इसे नहीं समझेंगे तो यह आपके लिए एक मॉन्स्टर है। जबकि, समझ लेंगे तो यह पता चलेगा कि इससे डील कैसे करना है। इसलिए, मेरा मानना है कि मैं आज जो हूं, अपने साथ जो सहज हो पाया हूं, वह सब इस शहर की वजह से है। मेरे लिए अपने मां-बाप की छत्रछाया से निकालना बहुत जरूरी था। मुंबई ने मुझे यह पहचान दी है। मैं कहूंगा कि मुंबई में जगहें भले छोटी हैं, पर मुंबई का दिल बहुत बड़ा है।

**आपको लगता है कि एक बाहरी शहर या बॉलिवुड में कोई पहचान ना होने के चलते आपका संघर्ष लंबा रहा। आपको इंडस्ट्री का चलन समझने में वक्त लगा?**

मैं इस इनसाइडर-आउटसाइडर वाली बहस में एक अहम पक्ष रखना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि आप शुरू से ऐक्टर्स की लिस्ट देखें, मतलब 50 के दशक से देख लीजिए कि कितने ऐक्टर फिल्मी परिवार वाले हैं और कितने बाहर से आए हैं। आप आंकड़े देख लीजिए, शाहरुख खान, धर्मेंद्र, राजेश खन्ना, दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन ये सारे सुपरस्टार आउटसाइडर ही थे। इन्होंने बाद में फिल्मी फैमिली बनाई, लेकिन वे खुद बाहर से आए थे। अभी भी दीपिका पादुकोण, अनुष्का शर्मा, प्रियंका चोपड़ा सारी जानी-मानी ऐक्ट्रेसेज आउटसाइडर हैं, तो मैं चाहता हूं कि लोग इस नजरिए से भी सोचें।

**आपने करियर के शुरुआत में शैतान में ड्रग एडिक्ट, हेट स्टोरी में बिगड़ैल अमीरजादे, हंटर में सेक्स एडिक्ट के ऐसे रोल किए, जो हीरो की आम धारणा से एकदम अलग है। आपको ये रोल चुनते हुए रिस्क नहीं लगा?**

जब मैं इंडस्ट्री में आया था ना, तो एक ट्रेंड चल रहा था कि सभी की बॉडी होती थी। सब जिम जाते थे। सिक्स पैक ऐब अनिवार्य था। सब एक तरह के कपड़े पहनते थे। सबकी हेयर स्टाइल एक किस्म की होती थी तो मैंने भी वो चीजें करने की कोशिश की लेकिन मैं उसमें सहज नहीं था। मुझे लगा कि जो ऐसा कर रहे हैं, वो अपनी जगह ठीक हैं, पर मैं यह नहीं हूं। मुझे कुछ अलग करना चाहिए क्योंकि मैं इस दबाव में अपनी मौलिकता कहीं न कहीं खो रहा हूं। इसके लिए साहस नहीं, खुद पर भरोसे की जरूरत पड़ती है कि ठीक है, ये मेरा रास्ता है। बाकी सब जो कर रहे हैं, वो उनकी चॉइस है, लेकिन मेरे लिए वह रास्ता ठीक नहीं है।

**हम औरतों से जुड़े स्टीरियोटाइप्स को लेकर काफी चर्चा करते हैं। आपको पुरुषों को लेकर कोई ऐसी सामाजिक धारणाएं हैं जो गलत लगती हैं?**

ये जो घर चलाने, परिवार पालने की जिम्मेदारी मर्दों के ही सिर पर डाली जाती है, वो भी एक स्टीरियोटाइप है, जो मुझे सही नहीं लगता। मतलब, घर में अगर 3 बच्चे हैं। एक भाई है, एक बड़ी बहन है, एक छोटी बहन है, तो मर्द पर ही यह दबाव रहता है कि वह घर, बहनों की जिम्मेदारी उठाए। मर्द यह बोझ ढोते भी हैं और बेवजह अपनी जिंदगी कॉम्प्लिकेट करते हैं। बहन बोले भी कि भैया, हम हाथ बंटा लेंगे, तो भी वे कहेंगे कि नहीं, नहीं मैं भी सब करूंगा, क्योंकि मैं मर्द हूं, क्योंकि वे भी इस स्टीरियोटाइप में फंसे हुए हैं कि यह हमारी ही जिम्मेदारी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अब 8 जनवरी को

## पहले 31 दिसंबर को होने थे सामूहिक विवाह सतीश कुमार



**नोएडा (चेतना मंच)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को अब 31 दिसंबर के बजाय 8 जनवरी को अमली जामा पहनाया जाएगा। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत के शहरी क्षेत्र के निवासी नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद तथा ग्रामीण क्षेत्र के निवासी विकासखण्डों में सामूहिक विवाह हेतु अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराये अथवा जन सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन पोर्टल http://emsvy.upsdc.gov.in/ के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं या उक्त योजना के संबंध में इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्धनगर, विकासभवन सूरजपुर में भी सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होंने सामूहिक विवाह हेतु पात्रता के संबंध में बताया कि कन्या के अभिभावक का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। विवाह हेतु कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर (लड़के) की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय सीमा रू 2 लाख से कम होनी चाहिए। कन्या का स्वयं के नाम से बैंक खाता होना चाहिए। आवेदक, वर व कन्या का आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण-पत्र (आयु प्रमाण किये जाने हेतु) होना चाहिए। अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के पास जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए। विवाह हेतु विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता दी जायेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि योजनान्तर्गत कुल धनराशि रू0 51,000/- प्रति जोड़े पर व्यय की जाती है, जिसमें से रू0 35,000/- लड़की के बैंक बचत खाते में स्थानान्तरित की जाती है। विवाह सामाग्री 10,000/- रूपये का सामान दिया जाता है तथा रू0 6,000/- प्रति जोडा भोजन, बिजली-पानी, टेंट व्यवस्था पर व्यय किया जाता है।

# माँ की स्मृति में भाजपा नेता ने किया भंडारे का आयोजन





**बदायूँ (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी विक्रांत यादव ने अपनी स्वर्गीय मां श्रीमती शांति देवी की स्मृति में सहसवान ब्लॉक में भंडारे का आयोजन किया। श्री यादव द्वारा प्रत्येक माह सहसवान ब्लाक परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

प्रत्येक माह की भांति इस बार भी शनिवार को सहसवान ब्लाक परिसर में भाजपा नेता विक्रांत यादव द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री डीपी यादव सहसवान ब्लाक पहुंचे और भंडारे में शिरकत की।

श्री यादव ने बताया कि उनकी माताजी श्रीमती शांति देवी का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था। उनकी स्मृति में वह प्रत्येक माह भंडारे का आयोजन करते हैं। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थी और जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद करती थी। अपने जीवन काल में उन्होंने परिवार के सदस्यों को भी जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। उन्हीं की प्रेरणा से वह हर माह सहसवान ब्लॉक परिसर में उनकी स्मृति में भंडारे का आयोजन करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

बता दें कि नोएडा के सर्फाबाद गांव निवासी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रांत यादव की पत्नी श्रीमती कीर्ति यादव सहसवान ब्लाक से ब्लॉक प्रमुख हैं। उनके बड़े भाई जितेंद्र यादव वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं। वह पूर्व में एमएलसी भी रह चुके हैं। जितेंद्र यादव की पत्नी वर्षा यादव वर्तमान में बदायूं की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। उनके पिता स्वर्गीय श्याम सिंह करीब दो दशक तक सर्फाबाद गांव के ग्राम प्रधान रहे थे। श्री यादव के चाचा एवं पूर्व मंत्री डीपी यादव की राजनीति, शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान हैं।

# एआरटीओ विभाग ने रात भर चलाया चेकिंग अभियान

## 35 चालकों का एल्कोहल टेस्ट, 3 के चालान व 3 वाहन निरूद्ध



**नोएडा (चेतना मंच)।** 29 दिसंबर 2024 में रात्रि 9 बजे से 11 बजे के मध्य ट्रैफिक विभाग और परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से शराब पीकर चार पहिया, दो पहिया वाहनों को चलाने वाले चालको को चेक किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा 35 से अधिक चालको का एल्कोहल टेस्ट किया गया। मानक से अधिक एल्कोहल पाये जाने पर 3 ड्राइवरों चालान किए गए व वाहन निरुद्ध किये गये।

यह अभियान ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध चलाया गया जिनका एल्कोहल लेवल मानक से अधिक पाया गया। ऐसी चेकिंग जनपद के मुख्य गार्डेन गलेरिया, जीआईपी, डीएलएफ, डण्डिया माल सहित मुख्य स्थानों पर की गयी। चालकों के ड्राइविग लाइसेन्स भी निलम्बन की संस्तुति की गयी। अभियान में यातायात निरीक्षक व ट्रैफिक स्टाफ, परिवहन विभाग के एआरटीओ डा उदितनारायण एवं समस्त प्रवर्तनकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

# मिजोरम के राज्यपाल बनने पर ब्राह्मण सभा ने दी बधाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने मिजोरम के नवनियुक्त राज्यपाल जनरल वीके सिंह के दिल्ली वसंत कुंज स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी दिल्ली के बसंत कुंज स्थित पूर्व जनरल वीके सिंह के आवास पर पहुंचे। महासभा के पदाधिकारियों ने उन्हें फूल माला व पगड़ी पहन कर उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मावती शर्मा, गौतम बुद्ध नगर ब्राह्मण सभा के महामंत्री मास्टर रामकुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, निशांत शर्मा, डॉक्टर सुभाष त्यागी, श्रीमती शशि बाला सिंह, डॉक्टर बिंदु चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रिक्शा चालकों के साथ साझा की क्रिसमस की खुशियां

## एसीसी कान्वेंट स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल ने 250 रिक्शा चालकों को बांटे स्वेटर





**नोएडा (चेतना मंच)।** एसीसी कान्वेंट स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्य एवं वयोवृद्ध समाजसेविका सिस्टर शैलीन ने क्रिसमस की खुशियां रिक्शा चालकों के साथ साझा की। उन्होंने करीब 250 रिक्शा चालकों को स्वेटरों का वितरण कर उन्हें भोजन कराया।

सेक्टर 17 स्थित एसीसी कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में क्रिसमस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिस्टम शैलीन, फादर साजन, सुचित, माइकल, अजय, जोशन ने करीब ढाई सौ रिक्शा चालकों को स्वेटरों का वितरण किया।

फादर जोशन ने उपस्थित रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह वह सदैव अच्छाई के रास्ते पर चलकर देश व समाज के लिए कार्य करें। दूसरों की मदद करने से जहां स्वयं को आत्मिक शांति मिलती है। वहीं ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने सिस्टर शैलीन द्वारा रिक्शा चालकों के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। सिस्टर शैलीन द्वारा कोरोना काल में रिक्शा चालकों व जरूरतमंदों के लिए किए गए कार्यों पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में सिस्टम शैलीन ने अपनी कम्युनिटी के सहयोग से करीब 13 लाख रुपए खर्च करके जरूरतमंदों में फूड किट बांटी थी। इसके अलावा वह पिछले 19 सालों से लगातार जरूरतमंदों का जीवन स्तर सवारने में लगी हुई है। अब तक वह 478 लोगों को निशुल्क रिक्शों का वितरण कर चुकी हैं।

सिस्टर शैलीन ने उपस्थित रिक्शा चालकों का आह्वान किया कि वह बुराई को त्याग कर अच्छाई के रास्ते पर चलें। वह सदैव सच के रास्ते पर चलते हुए दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहे। निस्वार्थ भाव से की गई दूसरों की मदद खुद को भी आत्मीय सुकून देती है। उन्होंने कहा कि वह जीवन पर्यंत जरूरतमंदों के हितों के लिए कार्य करती रहेंगी।

इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सर्दी के इस मौसम में स्वेटर पाकर रिक्शा चालकों के चेहरों पर अलग ही खुशी दिखाई दी। इस अवसर पर प्रोविंशियल सिस्टर एंजेल ग्रेस, सिस्टर थेरेस, सिस्टर मेरी, सिस्टर सुनीता, अंजुमाला डॉ विजय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मनोज शर्मा अध्यक्ष पैनल निर्विरोध रूप से दोबारा निर्वाचित



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर बार के वार्षिक चुनाव 2025 की नई कार्यकारिणी का चुनाव 28.12.24 को बार रूम सेक्टर 148 नोएडा जीएसटी विभाग में हुआ जिसमें मनोज शर्मा, अध्यक्ष नितिन वर्मा महासचिव पैनल को निर्विरोध रूप से अगले वर्ष के लिए चुना गया है। इस मौके पर अनुपम कुलश्रेष्ठ एल्डर कमेटी चेयरमैन, वीके मिश्रा, आबिद हुसैन, रामेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुशील नागर, बृजेश शुक्ला, एल एम पांडे, देवेश मावी, एसपी सिंह, अशोक शर्मा एवं अन्य गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# ब्रह्मकुमारीज ने किया नववर्ष का आगाज, रंगारंग कार्यक्रम



**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्रह्मकुमारीज़, सेक्टर-46 ने गार्डेनिया ग्लोरी में एक रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से नए वर्ष 2025 का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देना और उन्हें सकारात्मकता एवं आत्म-परिवर्तन के विचारों से प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में रंजन दत्ता (रिटायर्ड IAS और सेक्रेटरी, भारत सरकार) ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य मुकेश (योग भागवताचार्य), डॉ. जसबीर कौर सोनी, पूजा बहन, और वरिष्ठ राजयोग टीचर लीना दीदी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

लीना दीदी ने स्वागत सत्र का आयोजन किया और बताया कि नववर्ष का आगाज एक नए अंदाज में करना है, जिसमें हमें अपने जीवन के सुंदर सपनों को साकार करना है और अच्छी यादों को संजोना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने पुराने अनुभवों से शक्ति लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

ब्रह्माकुमारीज़ ने इस अवसर पर 2025 के लिए सकारात्मकता और आत्म-परिवर्तन के विचारों पर जोर दिया।

रेनू बहन ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे विचारों को सकारात्मक और शक्तिशाली बनाना आवश्यक है। उन्होंने मेडिटेशन के माध्यम से सुप्रीम पावर से जुड़ने का महत्व बताया और संकल्पों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

राजकुमार (सेक्टर 45 BK सेंटर शिक्षक) ने कहा कि राजयोग प्रैक्टिस से हम अपने दु:ख के संस्कारों को बदल सकते हैं। भागवत आचार्य मुकेश किशन ने भी बताया कि जैसे हम अपने मोबाइल को चार्ज करते हैं, वैसे ही हमें अपनी आत्मा को परमपिता परमात्मा से जुड़कर रोज़ चार्ज करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजन दत्ता (रिटायर्ड IAS) ने ब्रह्मकुमारीज़ के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह संस्था समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारीज़ का मेडिटेशन विश्वभर में फैलना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में 2025 का स्वागत करते हुए एक नृत्य नाटिका के माध्यम से आशा, उम्मीद, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य की महत्व को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिन्होंने कार्यक्रम में रंग जमा दिया।

कार्यक्रम का समापन पंकज माथुर (भूतपूर्व डायरेक्टर, संयुक्त उपक्रम इंडियन ऑयल) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

